वर्ष 14, अंक 110
गैरसैंण
शुक्रवार
18 अगस्त 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित  डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23  फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969  e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com  मूल्य-2 रुपये

## नाबालिक से दुष्कर्म में दोषी दंपति को 20–20 साल की सजा

**देहरादून।** चौदह साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट से सरकारी ठेकेदार और उसकी पत्नी को 20–20 कठोर कारावास की सजा सुनाई। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दंपति पर 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है, इसमें 27 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाएंगे। यह मामला 2019 में तब सामने आया था, जब पीड़िता सात महीने की गर्भवती थी और बाद में उसने बच्चे को भी जन्द दिया था। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि 7 जनवरी 2019 को पीड़ित लड़की के पिता ने नेहरू कॉलोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि 14 वर्षीय पुत्री का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया। लड़की को उपचार के लिए डॉक्टर के पास लेकर गए तो वह सात महीने की गर्भवती निकली। लड़की से पूछताछ में पता चला कि अप्रैल 2018 में चकशाहनगर में रहने वाले ठेकेदार ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। उसने ठेकेदार की करतूत उसकी पत्नी को बताई तो दंपति ने उल्टे उसे ही इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे दी। इसके बाद पीड़िता चुप रही। उसके गर्भवती होने पर इसका खुलासा हुआ।

## इंडिया गठबंधन का हिस्सा है आप

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। उनकी पार्टी द्वारा तस्वीर साफ करने के बाद कांग्रेस नेता अलका लांबा के बयान से कोई फर्क नहीं पड़ता।

उन्होंने कहा, हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। पार्टी के प्रवक्ता बयान देते रहते हैं।

बुधवार को लांबा के उस बयान को गलत तरीके से उद्धृत किए जाने के बाद आप की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आईं, जिसमें कहा गया था कि यह निर्णय लिया गया है कि उनकी पार्टी दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

लांबा ने बुधवार रात को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने बयानों का वीडियो मीडिया में साझा किया, इसमें उन्होंने कहा, सवाल और मेरे जवाब सुनें और बताएं कि मैंने गठबंधन करने या न करने के बारे में कहां बात की। विवाद किस बारे में है? विवाद के बाद कांग्रेस ने बुधवार शाम को एक बार फिर पार्टी मुख्यालय में दिल्ली के नेताओं की बैठक बुलाई।बैठक के बाद दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा, मुझे लगता है कि आप में लोग अपरिपक्व हैं. अगर वे मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर इतना बड़ा फैसला लेना चाहते हैं, तो भगवान भी उन्हें नहीं बचा सकते।

## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अब तक 5802 यात्रियों को दी गई ऑक्सीजन

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की लगातार जांच की जा रही है। पूरी यात्रा में अब तक कुल 5802 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा दी जा चुकी है जबकि बड़ी संख्या में यात्रियों को आकस्मिक सेवाओं का लाभ दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ धाम के दर्शन करने के लिए आ रहे यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग बेहतर सुविधाएं दे रहा है। स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है, जिसके लिए यात्रा मार्ग से केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

# अवैध खनन की भेंट चढ़ा मालिनी नदी पुल का मामला पहुंचा हाईकोर्ट



### सरकार से जवाब तलब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने पौड़ी जनपद के कोटद्वार में मालिनी नदी पर बने पुल के अवैध खनन की भेंट चढ़ने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। इस प्रकरण को कोटद्वार निवासी अक्षांश असवाल की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मालिनी नदी पर बना पुल भाबर क्षेत्र के लगभग 36 गांवों की जीवनरेखा थी। यह पुल भाबर से कोटद्वार को जोड़ता था। वर्ष 2010 में इस पुल का निर्माण 12.35 करोड़ की लागत से किया गया था। मात्र 13 साल में यह पुल अवैध खनन की भेंट चढ़ गया और इसका एक हिस्सा ढह गया। इसमें एक व्यक्ति प्रशांत डबराल निवासी हल्दूखाता की मौत हो गयी। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि अवैध खनन के कारण सुखरौ और खोह नदी पर बने पुलों को भी खतरा बढ़ गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि पुलों के एक किमी के दायरे में खनन प्रतिबंधित है। यही नहीं पुल गिरने के तीन दिन बाद ही मालिनी नदी में फिर अवैध खनन शुरू हो गया। याचिकाकर्ता की ओर मालिनी नदी पर पुल के शीघ्र निर्माण के साथ ही अन्य पुलों की मरम्मत की मांग की गई। याचिक-ाकर्ता की ओर से अवैध खनन पर रोक लगाने और अवैध खनन से पुलों की सुरक्षा की मांग भी की गई। अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार और सभी पक्षकारों से याचिका में उठाये गये बिन्दुओं पर जवाब देने को कहा है। साथ ही क्षतिग्रस्त पुलों के निर्माण के लिये योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

# भनेरपानी में बड़े वाहनों के लिए खुला रास्ता, मैठाणा और पुरसाड़ी के बीच 100 मीटर धंसा हाईवे

**गोपेश्वर(चमोली)।** बदरीनाथ हाईवे मैठाणा और पुरसाड़ी के बीच 100 मीटर हिस्से में धंस रहा है। हालांकि यहां पर यातायात सुचारु है जिससे यहां हादसे का खतरा बना है। दूसरी ओर बदरीनाथ हाईवे पीपलकोटी के भनेरपानी में बड़े वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

बृहस्पतिवार को बिना बारिश के ही बदरीनाथ हाईवे मैठाणा और पुरसाड़ी के पास धंस रहा है जिससे हाईवे पर दरारें पड़ गई हैं। यातायात निरीक्षक प्रवीण आलोक ने पुलिस टीम के साथ हाईवे के धंसे हिस्से पर रिफ्लेक्टर टेप लगा दिए हैं जिससे वाहन चालक यहां पर सतर्क होकर चलें। दूसरी ओर 13 अगस्त की रात को अतिवृष्टि से बदरीनाथ हाईवे 11 जगह पर



बंद हो गया था।

बुधवार तक हाईवे को अन्य जगह पर तो खोल दिया गया लेकिन भनेरपानी में हाईवे की स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण इसे खोलने में काफी समय लग गया। बुधवार देर शाम तक यहां छोटे वाहनों की आवाजाही कराई जाने लगी और रात करीब साढ़े आठ बजे हाईवे को बड़े वाहनों के लिए भी खोल दिया गया।

बीते पांच दिनों से बिरही निजमुला मार्ग जगह–जगह मलबा आने से बंद है जिससे ग्रामीणों को सात किमी दूर बिरही तक पैदल आना पड़ रहा है। मार्ग बंद होने से निजमुला घाटी के एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क अन्य जगह से कटा हुआ है। साथ कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी ठप हो गई है।

गाड़ी गांव की रजनी देवी के पैर में चोट लगने व जेठूली देवी की तबीयत खराब होने पर ग्रामीणों ने दोनों को कुर्सी की कंडी बनाकर सात किमी पैदल दूरी तय कर जिला चिकित्सालय पहुचाया गया। ग्रामीण प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, कलम सिंह, देव सिंह, राकेश सिंह व भजन सिंह ने लोक निर्माण विभाग से सड़क को जल्द से जल्द खुलवाने की मांग की है।

# चांद पर लैंडिंग का काउंटडाउन शुरू

### प्रोपल्शन मॉडयूल से अलग हुआ विक्रम लैंडर




**चेन्नई, एजेंसी।** भारत का तीसरा चंद्रमा मिशन चंद्रयान–3 का अगला इम्तिहान शुरू हो गया है और अब मिशन के लैंडिंग की तैयारी है। गुरुवार को चंद्रयान–3 लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से अलग हो गया। विक्रम लैंडर को आगे की 100 किलोमीटर की यात्रा खुद तय करनी है। इसके लिए उसे एक तो ऊंचाई कम करनी होगी। साथ ही स्पीड भी घटानी होगी।

क्योंकि चंद्रयान को धीरे–धीरे चांद की सतह पर उतारा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि चंद्रयान–3 ने सफलतापूर्वक चांद की कक्षा के एक और गोलाकार चरण को पूरा कर लिया है और अब वह चांद के और करीब वाली कक्षा में पहुंच गया है। इसरो ने कहा कि अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग–अलग यात्राओं के लिए तैयार हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि चंद्रयान–3 आशा के अनुरूप सामान्य तरह से काम रहा है। इस पूरे मिशन के दौरान अंतरिक्ष यान की यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और जेपीएल डीप स्पेस एंटीना के सहयोग से लगातार इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स), बेंगलुरु के पास बयालू में इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आईडीएसएन) एंटीना से निगरानी की जा रही है।

# उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अनुकूल माहौल : धामी

### सरकार की निवेशकों को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है, राज्य में निवेशकों को हर सम्भव सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के प्रयास राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में शांति व्यवस्था के साथ ही बेहतर मानव संसाधन भी उपलब्ध है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि उन्हें जिन-जिन क्षेत्रों में दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता है, वह बताई जाए। राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्थाएं की जायेंगी। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। निवेशकों को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों के रोजगार के संसाधन बढ़ेगे ओर पलायन भी रूकेगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक को संबोधित करते हुए।

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 के सफल आयोजन हेतु नीतिगत आधार तथा मार्गदर्शन उपलब्ध कराये जाने के लिए गठित मुख्यमंत्री सलाहकार समूह की पहली बैठक सुभाष रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने एवं राज्य की आर्थिकी में वृद्धि के लिए आगे की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए और क्या बेहतर प्रयास किये जा सकते हैं, इसके लिए औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों से सुझाव लिये गये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए निवेशकों द्वारा जो भी सुझाव दिये जा रहे हैं, उन सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उनको कार्यरूप में लाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि इन्वेस्टर समिट होने तक राज्य में निवेश की अच्छी ग्राउंडिंग हो जाय। इसके लिए नीतियों का सरलीकरण के साथ उन पर तेजी से क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को सभी अनुमतियां समय पर मिल जाएं इसके लिए समय सीमा निर्धारित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को वर्ष 2025 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें हमारे उद्योग जगत से जुड़े लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों से लगातार संवाद हो रहे हैं।

विभिन्न बैठकों में निवेशकों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल एवं सौरभ बहुगुणा ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपने सुझाव दिये। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एसएस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, औद्योगिक जगत से पतंजलि से आचार्य बालकृष्ण, सुभाष त्यागी, आईआईएम काशीपुर से प्रो. कुलभूषण बलूनी, आईआईटी रूडकी से प्रो. कमल किशोर पंत, चेयरमैन ग्राफीक ऐरा कमल घनशाला, अनिल गोयल, विजय धस्माना, डॉ. एस. फारूक, मुकुन्द प्रसाद, पंकज गुप्ता एवं औद्योगिक जगत से जुड़े अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हमने 70 साल तक लोकतंत्र को बचाकर रखा, तब मोदी बन पाए प्रधानमंत्री: खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। खडगे ने गुरुवार को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा नरेंद्र मोदी बार बार सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया जबकि इस दौरान और कई दलों की सरकार रही है लेकिन वह कांग्रेस से ही अक्सर सवाल पूछते हैं।

उन्होंने कहा "मोदी जी बोलते हैं– कांग्रेस ने



70 साल में क्या किया। हमने लोकतंत्र और संविधान को बचाकर रखा, इसलिए आप प्रधानमंत्री बन पाए। यदि कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए नहीं रखते तो नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते और वह गुजरात में ही रहते। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी के अगले साल भी लाल किला पर तिरंगा फहराने को लेकर हमला किया और कहा "मोदी जी ने कहा कि वह 2024 में भी 15 अगस्त को लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे। मुझे लगता है कि वह तिरंगा तो जरुर फहराएंगे, लेकिन लाल किले पर नहीं, अपने घर पर फहराएंगे। आश्चर्य की बात यह है कि श्री मोदी उस पार्टी के लिए यह बात कहते हैं जिस पार्टी ने देश के लिए कुर्बानी दी।"

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की एकता के लिए काम किया है और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोपरि बलिदान दिया है। उन्होंने कहा "देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े–बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है।" खडगे ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता के लिए लगातार काम करती रही है। कांग्रेस नेताओं को मणिपुर की चिंता है, इसलिए विपक्षी दलों का प्रतिनिधिमंडल वहां गया और पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्या को जाना लेकिन श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री होने के बावजूद वहां नहीं जा रहे हैं। मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी परवाह नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के हालात को लेकर चिंतित हैं, इसलिए संसद में श्री मोदी से आग्रह करते रहे कि संसद में आएं और इस बारे में कुछ बोलें लेकिन वह कुछ बोले नहीं, इसलिए विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए ताकि वह संसद में अपनी बात कहें। उनका कहना था कि श्री मोदी मणिपुर को लेकर संसद के बाहर बोलते हैं और फिर थोड़ा लाल किला पर इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लॉन्च किया युद्धपोत आईएनएस विंध्यागिरी

**कोलकाता,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में जंगी जहाज आईएनएस विंध्यागिरी को लॉन्च किया।

कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में इस जंगी जहाज को लॉन्च किया गया।इसका नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर आईएनएस विंध्यागिरी रखा गया है और यह प्रोजेक्ट 17ए का छठवां युद्धपोत है।

# मलबे व बोल्डर में दबे खेत, ग्रामीणों को सताने लगी भविष्य की चिंता

### दुगड्डा के लदोखी, सिमलखेतु व कुरीखाल में अतिवृष्टि से हुई भारी तबाही , विद्युत व पेयजल अपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों की बढ़ने लगी समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा लदोखी, सिमलखेतु व कुरीखाल में अतिवृष्टि से भारी तबाही हुई है। गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। वहीं, ग्रामीणों की कृषि भूमि मलबे व बोल्डर में दबने के बाद उनके समक्ष भविष्य का संकट गहरा गया है।

13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि ने ग्राम सभा लदोखी, सिमलखेतु व कुरीखाल में भारी तबाही मचाई। ग्रामीणों के घर व गौशाला में पूरी तरह मलबा भर गया है। पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई लाइन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पिछले तीन दिन से ग्राम सभाओं में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। ऐसे में ग्रामीणों को रात के अंधेरे में जंगली जानवरों का खतरा सताने लगा है। ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने बताया कि ग्रामीण दाल, सब्जी व विभिन्न प्रकार के मसालों का उत्पादन कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। लेकिन, भारी मलबे के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है।

गांव के संपर्क मार्ग व पुल टूटने से बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाना भी एक चुनौती बन गई है। ब्लाक रुचि कैंत्यूरा ने बताया कि सरकारी विभागों को गांव में जल्द से जल्द पेयजल व विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अकेले बुजुर्ग हो रहे परेशान

गांव में कई ऐसे बुजुर्ग भी है जो अपने पैतृक आवासों में अकेले ही रह रहे हैं। ऐसे में बिजली व पानी की आपूर्ति ठप होने के बाद उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, आपदा की इस घड़ी में ग्रामीण एक दूसरे का साथ दे रहे हैं।



### नदी–गदेरो से आवागमन

गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग तबाह होने के बाद ग्रामीण उफान पर बने नदी-नालों से आवागमन को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने में हो सकती है। जगह-जगह भूस्खलन से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

## गुलदार की धमक, दहशत में ग्रामीण

**कोटद्वार** : चौबट्टाखाल तहसील के गांवों में गुलदार की धमक कम होने का नाम नहीं ले रही है। गुलदारों के झुंड में दिखाई देने से ग्रामीण खौफजदा हैं।

बुधवार को तहसील मुख्यालय की नजदीकी ग्राम सभा कुई में सुबह के समय लोगों को पांच गुलदार झुंड में दिखाई दिए। ग्रामीण उमेश चंद्र सुंद्रियाल, वीरेंद्र सुंद्रियाल, आशाराम व उषा देवी ने बताया कि बुधवार सुबह के समय उन्हें चौबट्टाखाल-कुई-दाथा मोटर मार्ग पर पांच गुलदार झुंड में विचरण करते दिखाई दिए जो उनके शोर मचाने पर भी नहीं भागे। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गुलदारों की दहशत के कारण ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है साथ ही स्कूली बच्चों को भी खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी गुलदार के दिखाई देने व गुलदार के लोगों पर झपटने की घटनाओं के बाद भी विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने विभाग से क्षेत्र में शीघ्र पिंजरा लगाने और कर्मचारियों की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# मशरूम उत्पादन से जुड़कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं : नारायण राणे

### केंद्रीय लघु और सूक्ष्म उद्यम मंत्री नारायण राणे ने किया परियोजना का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : केंद्रीय लघु ओर सूक्ष्म उद्यम मंत्री नारायण राणे ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं मशरूम उत्पादन से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकती है। वर्तमान में मशरूम उत्पादन में गोवा राज्य पहले नंबर पर है। लेकिन, उत्तराखंड भी इस क्षेत्र में बेहतर तरक्की कर रहा है।

गुरुवार को ध्रुवपुर में हर घर मशरूम-हर घर रोजगार मुहिम के तहत मशरूम घरेलू उत्पाद परियोजना का शुभारंभ करते हुए नारायण राणे ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार अपना कर ही आर्थिकी को मजबूत किया जा सकता है। प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी महिलाओं का विकास करना है। स्वरोजगार मनुष्य के जीवन में बहुत बड़ा स्थान रखता है। पुरुष से ज्यादा आज महिलाएं घर से बाहर निकल कर स्वरोजगार के माध्यम से अपनी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में सर्वाधिक नाम महिलाओं का हो रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर घर पर ही लघु उद्योग स्थापित कर सकती हैं और मोदी सरकार का भी इस पर विशेष फोकस है। प्रशिक्षित महिलाएं ज्यादा तटस्थ होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ती हैं। केंद्र सरकार महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर उनको विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी अब अपनी आर्थिक उन्नति के साथ ही देश के विकास में भागीदार बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं मशरूम की खेती कर कम लागत में दो से तीन गुना आमदनी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं खुद के साथ ही दूसरी महिलाओं को भी रोजगार दिलाकर उनके कदमों को विकास के राह पर बढ़ाने का काम कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने उत्तराखंड की ब्रांड अम्बेसडर दिव्या रावत की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को दिव्या से सीख लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि छोटी सी उम्र में दिव्या ने मशरूम की खेती कर सफलता की आदर्श मिसाल कायम की है। इस मौके पर स्वामी दर्शन भारती, पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत, रीमा चौहान, सुनीता चौहान, गजेंद्र चौहान, रश्मि सिंह, रेणु कोटनाला, गीता नेगी, अनिल नेगी, विपिन डोबरियाल, रंजना रावत, कृष्णा नेगी, सुनीता देवी, प्रवेन्द्र रावत समेत कई लोग मौजूद रहे



कोटद्वार के ध्रुवपुर में मशरूम परियोजना का शुभारंभ करते केंद्रीय लघु और सूक्ष्म उद्यम मंत्री नारायण राणे

## आवासीय भवन क्षतिग्रस्त, खेतों में टैंट लगाकर रह रहे ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्ली के तोक गांव मटियाल में आपदा से पांच आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पीड़ित परिवार गांव के समीप खेतों में टैंट लगाकर रहने को मजबूर हो गए हैं। प्रभावितों ने जल्द ही उनके विस्थापन और पुनर्वास की मांग की है।

समस्या के संबंध में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि 13 अगस्त को आई आपदा में उनके आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं प्रशासन द्वारा उन्हें प्राथमिक विद्यालय बल्ली में शिफ्ट किया जा रहा था, लेकिन स्कूल गांव से तीन किमी. दूर है। उनकी गोशालाओं में गाय और बकरियां हैं। उनकी आजीविका का मुख्य साधन पशुपालन ही है। ऐसे में वह उन्हें छोड़कर नहीं जा सकते हैं। प्रशासन की ओर से उन्हें टैंट और राशन उपलब्ध कराया गया है। जिस पर बेघर हुए सभी पांच परिवार खेतों में टैंट लगाकर रह रहे हैं। आपदा के बाद उनके बच्चे पढ़ाई से वंचित हैं। टैंटों में बिजली का साधन नहीं है। साथ ही उनके पास कैरोसिन की व्यवस्था तक नहीं है। प्रशासन की ओर से उन्हें मोमबत्ती दी गई है, लेकिन टैंटों के भीतर मोमबत्तियां जलाने में दिक्कत हो रही है। कहा कि प्रभावित परिवार आपदा के बाद नारकीय जीवन जी रहे हैं। ऐसे में सरकारी सिस्टम में उनके विस्थापन व पुनर्वास के लिए योजना बनानी चाहिए।

## पूनम और अनु बनीं तीज क्वीन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लायंस क्लब डिग्निटी की ओर से आयोजित हरियाली तीज उत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महिलाएं तीज के गीतों और हिंदी गानों पर थिरकीं और कैटवॉक कर धमाल मचाया। इस दौरान पूनम आहूजा और अनु ग्रोवर तीज क्वीन बनीं।

देवी रोड स्थित एक होटल में आयोजित तीज उत्सव का मुख्य अतिथि पार्षद कविता मित्तल ने उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत एंजेल अग्रवाल ने गणेश वंदना से की। नीतिका अग्रवाल, अनुराधा पाल ने तीज गीतों पर सोलो डांस किया। अनन्या, आराध्या और रिचा जैन, रुचि विज ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रियंका बत्ता, रिचा अग्रवाल और रिंपी खट्टर ने सदस्यों को तंबोला गेम खिलाया। इसके बाद तीज क्वीन की प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें महिलाओं ने हिंदी गीतों पर नृत्य और कैटवॉक किया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में पूनम आहूजा और जूनियर वर्ग में अनु ग्रोवर तीज क्वीन बनीं। मुख्य अतिथि ने दोनों तीज क्वीन को गाउन पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इसके बाद तीज क्वीन के साथ महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर धमाल मचाया। इस अवसर पर पारुल रस्तोगी, नेहा गोयल, नताशा अग्रवाल, दिव्य कंसल, वीना भोला, रेशू चेताणी, बबली फूल, लीना बत्रा, नीतू, रीना चावला और वीना एलावादी आदि मौजूद रहीं।

## डीएम ने भंडारण मामले में मांगी जांच रिपोर्ट

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने उप जिलाधिकारी श्रीनगर को विकासखंड खिर्सू की ग्राम पंचायत कलियासौंड के राजस्व ग्राम बगवान लगा चौपड़ा में रेल विकास निगम की कार्यदायी संस्था द्वारा ग्रामीणों की लीज भूमि पर प्रस्तावित भंडारण मामले में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। क्षेत्र पंचायत सदस्य पदमेंद्र सिंह राणा, ग्रामीण कलम सिंह नेगी की ओर से जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि रेल विकास निगम की कार्यदायी संस्था द्वारा यह भूमि को ग्रामीणों से लीज पर ली गई है। कहा कि इस स्थान पर कई पेड़ों का भी कटान किया गया है। कहा कि लीज वाली भूमि पर भंडारण का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में उप जिलाधिकारी को भी अवगत करा जन सुनवाई की मांग की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ।

# 60 छात्र-छात्राएं विद्यालय वृक्ष पुरस्कार से सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कॉलेज द्वारी पैनो रिखणीखाल में 60 छात्र-छात्राओं को 12वां विद्यालय वृक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 15 अगस्त को शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती छात्रों में वैज्ञानिक सोच व पर्यावरण के प्रति रुचि, जनजागृति बढ़ाने हेतु विद्यालय के कक्षा 6 से कक्षा 12 उत्तीर्ण उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को देते है।

इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण 15 अगस्त को यह पुरस्कार नहीं दिया जा सका। शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती 2012 से अब तक 650 से अधिक पेड़ पौधे पुरस्कार के रुप में दे चुके है, जिनमें बहुत से पेड़ फल देने लग गए है। प्रधानाचार्य तनवीर हसन अंसारी ने बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर कक्षा 12 के छात्र राहुल चंद को केले पेड़ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारी लक्ष्मण सिंह नेगी ने भी शिक्षक के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर छात्रों को केला, लीची, नीम, कटहल, निंबू, माल्टा, अमरूद, के पौधे पुरस्कार स्वरूप बांटे गये। कक्षा 5 उत्तीर्ण दीपिका, हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शिवम सिंह, मोंटी सिंह, अनूप, आरती सहित 60 छात्र-छात्राओं को यह पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सीआरसी समन्वय प्रमोद चौधरी, एसएमसी अध्यक्षा संगीता देवी, पूर्व प्रधान द्वारी दिलबरी लाल, पूर्व पीटीए अध्यक्ष जीसी मैंदोल, पूर्व सीबीआई इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



छात्र को विद्यालय वृक्ष पुरस्कार से सम्मानित करते हुए।

## एसडीएम को सौंपी मजिस्ट्रीयल जांच

**पौड़ी** : मुंडेश्वर-साकिनखेत मोटर मार्ग पर बीती 9 अगस्त को अनियंत्रित होकर एक मैक्स वाहन खाई में गिरने की मजिस्ट्रीयल जांच एसडीएम बारहस्यूं को दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने जांच अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी को 15 दिन के भीतर मजिस्ट्रीयल जांच पूरा करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि राजस्व उप निरीक्षक असवालस्यूं की रिपोर्ट के अनुसार बीती 9 अगस्त को ग्राम डांगी के असवालस्यूं तहसील पौड़ी में एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर मुंडेश्वर साकिनखेत सतपुली मोटर मार्ग पर लगभग 200 मीटर नीचे गिर गई थी। वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मृत्यु हो गयी थी व तीन व्यक्ति घायल हुए।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त मेधावी छात्रों को गणित शिक्षक राजीव शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2022-23 की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त 8 छात्रों को पुरस्कार के साथ नकद सहयोग राशि वितरित की गई। इसके अतिरिक्त इसी वर्ष की गृह वार्षिक परीक्षा में कक्षा 6 से लेकर 11 तक में सर्वोच्च अंक प्राप्त 5 छात्रों को भी शिक्षक राजीव शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिक्षक राजीव शर्मा वर्ष 2016-17 से प्रत्येक वर्ष विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते आ रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी एवं विद्यालय परिवार द्वारा उनके इस कार्य की सराहना की गई।



कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक

## राज्य स्थापना के 22 साल बाद भी समस्याओं से जूझ रहा पौड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सांसद गढ़वाल से शहर की विभिन्न समस्याएं के निस्तारण की मांग की। कहा कि राज्य स्थापना 22 साल बाद भी पौड़ी सबसे ज्यादा समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने जल्द ही शहर की समस्याएं हल करने की मांग सांसद से उठाई।

सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन देकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह नेगी, महामंत्री देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई ने कहा कि पौड़ी से रोडवेज का बस अडडा संचालित करते हुए दिल्ली से रूद्रप्रयाग, चमोली, ग्वालदम के लिए संचालित बसों को वाया कोटद्वार पौड़ी संचालित किया जाए। उन्होंने सांसद से सारे विभागीय अधिकारियों के कैंप कार्यालयों को समाप्त कर जल्द संबंधित अधिकारियों को पौड़ी स्थित कार्यालयों में तैनाती करने, जिला अस्पताल को पीपीपी मोड़ से हटाते हुए पूर्व की भांति संचालित करने, चारधाम यात्रा को कोटद्वार–पौड़ी से भी शुरू करने, पौड़ी से दिल्ली के लिए शाम के समय बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई।

# मिस लैंसडौन 2023 के फाइनल में पहुंचे 10 प्रतिभागी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**लैंसडौन** : अभ्युदय परिवार लैंसडौन के तत्वावधान में मिस लैंसडौन 2023 का अयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के फाइनल में दस प्रतिभागी पहुंचे है। आगामी 20 अगस्त को प्रतियोगिता का फाइनल होगा।

सेमीफाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यवसाय प्रबन्धक तुषार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती उषा नैथानी, डॉ. रीता नेगी, श्रीमती सुमित्रा नेगी व मीना अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। सेमीफाइनल में 15 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती शिप्रा मोहन, श्रीमती भावना सती, डॉ. एसपी नैथानी, तुषार अग्रवाल व मोहित बेरानी रहे। कॉन्टेस्ट का थीम वेस्टर्न ड्रेस था, जिसमें सबसे पहले रेम्प वॉक के साथ शुरुवात की गई, फिर प्रश्न उत्तर, फोटोशूट व कैट वॉक विद प्रोप राउंड हुए। जहां सभी प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। एक और अपने सौंदर्य से सभी प्रतिभागियों ने सबका मन मोहा, वहीं दूसरी तरफ अपनी बुद्धिमत्ता का लोहा मनवाते हुवे निर्णायको को प्रभावित किया। 14 प्रतिभागियों में से 10 प्रतिभागी का आगामी 20 अगस्त, रविवार को होने वाले ग्रैंड फिनाले फाइनल के लिए चयन किया गया। अभ्युदय परिवार की संयोजिका भावना वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि फिनाले का मुकाबला और कड़ा होने वाला है। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत थापा ने किया।



## पौड़ी के कई मोहल्लों में पानी की किल्लत, लोग परेशान

पौड़ी : जिला मुख्यालय पौड़ी के कई मोहल्लों में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हुई। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है।

पौड़ी शहर की बहुचर्चित नानघाट योजना के क्षतिग्रस्त होने के बाद शहर के एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। इसके चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लग गई है। आलम यह है कि लोगों को सुबह से शाम तक प्राकृतिक जल स्त्रोतों की दौड़ लगानी पड़ रही है। बीते दिनों जिले में भारी बारिश के चलते नानघाट पेयजल योजना कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद शहर के अपर चोपड़ा, लोअर चोपड़ा, रांई गांव, डांडापानी, पेट्रोल पंप, छतरीधार, श्रीनगर रोड आदि मोहल्लों में पानी की नियमित सप्लाई नहीं हो पाई। वहीं तीन दिनों से पानी नहीं आने से लोगों में जल महकमे को लेकर आक्रोश बढ़ रहा है। तरीधार निवासी उपभोक्ता राजेंद्र सिंह और अपर चोपड़ा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि पानी की आपूर्ति नहीं होने से उन्हें जलस्त्रोतों की दौड़ लगानी पड़ रही है। काम पर जाने से पहले ही दो-दो बर्तन पानी के लाने पड़ रहे हैं।

वहीं शहरवासी सुमन देवी व मालती देवी ने बताया कि पानी नहीं होने का प्रभाव रसोई पर भी पड़ रहा है। पीने व खाना पकाने के लिए पहले धारों से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं स्कूली बच्चों को भी धारों पर पानी के लिए भेजा जा रहा है। एसके रॉय ईई जल संस्थान पौड़ी ने बताया कि बीते दिनों भारी बारिश के चलते नानघाट पंपिंग योजना खिर्सू के समीप कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई। मरम्मत के लिए टीम को भेजा गया है।

जबकि श्रीनगर पंपिंग योजना में गाद आदि की दिक्कत के चलते अवरुद्ध हो रहा था। जिसे भी ठीक कर लिया गया है। शुक्रवार से शहर भर में पानी की नियमित सप्लाई हो जाएगी।

# पुरातन छात्र संगठन ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कोटद्वार** : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में स्वाधीनता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर पुरातन छात्र संगठन ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय में पुस्तकालय व बुक बैंक बनाने के लिए धनराशि भी भेंट की गई।

छात्र-छात्राओं की टीमों द्वारा ग्राम पंचायत धरासू और रणस्वा में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी व सेवानिवृत्त वीर सेनानी वीरेंद्र सिंह चौहान व भगत सिंह नेगी ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि पूर्व छात्र व सांस्कृतिक एकता मंच गुरुग्राम के अध्यक्ष मनोज भंडारी ने संगठन की ओर से वर्ष 2022 व 2023 की हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा में मेधावी आठ छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व नगद धनराशि प्रादन करके सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप नेगी, हर्षपति सुंद्रियाल, अरूण कुमार, संजय कैंथोला, गजेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।




राजकीय इंटर कालेज सुरखेत में सम्मानित हुए विद्यार्थी

## परिजनों ने जताई युवक की हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : थाना मोहल्ले में किराए के भवन में रहने वाले एक नेपाली युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए जांच की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सीओ श्यामदत्त नौटियाल ने बताया कि बीती 14 अगस्त सुबह 20 साल का मयंक धामी पुत्र गोरिया धामी श्रीनगर रोड पर उद्यान कार्यालय के समीप बेहोशी की हालत में मिला। राहगीरों ने नेपाली युवक के बेहोशी की हालत में पड़े होने पर 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन युवक को देहरादून स्थित जौलीग्रांट अस्पताल ले गए। यहां भी डाक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। लेकिन परिजन युवक को लेकर वापस पौड़ी आने लगे। तभी युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजनों ने पौड़ी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर युवक की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच करने की मांग उठाई है। सीओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कहा कि फिलहाल शव का पीएम करवाया जा रहा है। रिर्पोट आने के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। हालांकि पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

# नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित 15 दिवसीय लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन



अल्मोड़ा। ग्रामीण समाज कल्याण समिति (ग्रास) अल्मोड़ा की नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित 15 दिवसीय लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन जिला विकास प्रबन्धक गिरीश चन्द्र पन्त (डीडीएम नाबार्ड) ने किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम महिलाओं का रोजगार परक कार्यक्रम है जिसमें पलायन को रोकना मुख्य उद्देश्य है। ग्रास संस्था द्वारा जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण इत्यादि इन 30 महिलाओं के लिये रोजगार परक कार्यक्रम होगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिला सहकारी बैंक दीनदयाल योजना के अन्तर्गत समूहों को 05 लाख का ऋण 0% ब्याज पर दे रही है। गोपाल सिंह चौहान अध्यक्ष ग्रास ने कहा कि संस्था द्वारा लघु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जैसे मोमबत्ती बनाना, जूट बैग, फल संरक्षण, कुमाऊँनी ऐपण एवं पेंटिंग आदि के प्रशिक्षण दिये गये हैं। जिसमें काफी महिलाएं स्वरोजगार स्थापित कर कार्य कर रही हैं। जूट बैग निर्माण हेतु संस्था द्वारा कच्चा माल एवं मशीनों की व्यवस्था भी की जाएगी। समापन में जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, संस्था अध्यक्ष द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षक मुन्नी बोरा, निदेशक भूपेन्द्र चौहान, आनन्दी भट्ट, प्रभा कनवाल, कमला भण्डारी, गीता जीना, जानकी चौहान, प्रेमा कनवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

### कुक्ड फूड बनाने का आदेश स्थगित किया जाए

पिथौरागढ़।उत्तराखंड आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने कैबीनेट मंत्री रेखा आर्या से कुक्ड फूड बनाने के आदेश को कुछ समय के लिए स्थगित करने की मांग की है। कार्यकत्रियों का कहना है कि कुक्ड फूड बनाने को आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। इन परिस्थितियों में वह किस प्रकार कुक्ड फूड बनाएंगी। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष दीपा पांडेय के नेतृत्व में बीते देर शाम कार्यकत्रियों ने कैबीनेट मंत्री को छह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। उन्होंने कैबीनेट मंत्री से मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने, सहायिका के खाली पदों पर नियुक्ति करने, प्रमोशन की लिस्ट तत्काल जारी करने, अनाज व अन्य सामाग्री केंद्रों में पहुंचाने की सरकारी व्यवस्था या ढुलान का पैसा आंगनबाड़ी वर्कर्स को देने व एक साथ दो सरकारी अभियानों में ड्यूटी लगाने की व्यवस्था बंद करने को कहा है।

# तीन प्रेक्षकों ने जांची चुनाव व्यवस्थाओं की तैयारी

बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार, व्यय प्रेक्षक प्रभात डंडोटिया और पुलिस प्रेक्षक विशाल गुनी ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एफएसटी, एसएसटी, एलएमटी, वीएसटी टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में पैनी नजर रखते हुए मुस्तैदी के साथ कार्य करें।

प्रेक्षकों ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्वाध मतदान संपादित कराना हम सबका दायित्व है। इसलिए सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। वेबकास्टिंग की व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करते हुए ट्रायल करने के निर्देश नोडल को दिए। मतदान कार्मिकों के प्रस्थान से पूर्व सामग्री वितरण एवं मतदान के बाद सामग्री प्राप्त करने के लिए सुव्यवस्था करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि एफएसटी टीमें सभी प्रकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार ने रिटर्निंग ऑफिस पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया का भी जायजा लिया।जिला निर्वाचन अधिकारी अनुरधा पाल ने प्रेक्षकों को बताया कि विधानसभा में 1,17,973 कुल मतदाता हैं, जिनमें 59,897 पुरुष व 58,076 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 188 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें से 94 बूथों में वेबकास्टिंग की जाएगी, जिसकी तैयारी की जा रही है। नेट कनेक्टिविटी सर्वे किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं और नोडल अधिकारी अपने दायित्वों को समझते हैं वे सौंपी गई जिम्मेदारियों का निवर्हन कर रहे हैं।मतदान कार्मिकों के साथ ही ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कर लिया गया है। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम का डिग्री कॉलेज सभागार में प्रथम प्रशिक्षण है। सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। पूरे विधानसभा को तीन जोन और 28 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस में सामग्री वितरण के लिए अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था के साथ ही साईनेज भी लगाए जाएंगे,

# राइंका वज्यूला की शिक्षक ने एसएसबी के उप महानिदेशक को बांधी राखी



बागेश्वर। राजकीय इंटर कॉलेज वज्यूला की शिक्षिका ने गुरुवार को एसएसबी के उप महानिदेशक को राखी बांधी साथ ही 250 जवानों के लिए राखी भेंट की गईं। ये राखियां स्कूल की छात्राओं ने तैयार की हैं। इतनी ही राखियां केआरसी रानीखेत भी भेजी जाएंगी। कला शिक्षक राजेश्वरी कार्की बुधवार को सशस्त्र सीमा बल ग्लावदम पहुंचीं। यहां उन्होंने उप महानिदेशक अनिल कुमार शर्मा को राखी बांधी। एसएसबी के अधिकारी ने सुरक्षा का वचन दिया। शिक्षिका ने एसएसबी के जवानों के लिए 250 राखियां भी उपलब्ध कराईं। ये राखियां स्कूल की छात्राओं ने तैयार की हैं। कार्की ने बताया कि 250 राखियां केआरसी रानीखेत के जवानों के लिए भेजी जाएंगी।

### शराब की दुकानों में ओवररेट की शिकायत बढ़ी

बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के साथ जनपद की विदेशी शराब की दुकानों में शराब की बिक्री बढ़ गई है। साथ ही यहां जमकर ओवर रेटिंग हो रही है। लोगों ने प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद भी विक्रेताओं पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद शराब की दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। कई बार दुकान में सेल्समैनों के साथ शराब की खरीदारी करने वालों की ओवररेट को लेकर विवाद भी हो रहा है। शराब खरीदने आए हरीश सिंह ने बताया कि उनके द्वारा बोतल में सौ 100 रुपये अधिक वसूले गए जब इसका विरोध किया तो उन्हें बाहर खड़े एक व्यक्ति द्वारा अभद्रता की। इधर जिला आबकारी अधिकारी मीनाक्षी टम्टा ने बताया कि ओवररेट की शिकायत उन्हें नहीं मिली है। बार

# 112 की सूचनाओं में त्वरित कार्यवाही कर रेस्पांस टाइम कम रखें: एडीजी डॉ वी मुरुगेशन



अल्मोड़ा। डॉ वी मुरुगेशन, एडीजी टेलीकॉम/विजिलेंस द्वारा जनपद के पुलिस संचार शाखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा, मौजूद रहे। एडीजी टेलीकॉम/विजिलेंस द्वारा निरीक्षण के दौरान संचार कार्यालय के अभिलेखों, उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों के मॉनीटर कक्ष का बारीकी से निरीक्षण करते हुए नियुक्त स्टाफ को संचार व्यवस्था को प्रभावी रखने, सीसीटीवी कैमरों को कार्यशील दशा में रखते हुए अलर्ट मॉनीटरिंग के निर्देश दिये गये। एडीजी ने डायल 112 कार्यालय का भी निरीक्षण कर निर्देश दिए। वर्कशाप व कण्डम स्टोर का निरीक्षण कर उपकरणों को कार्यशील दशा में रखने, साफ-सफाई रखने तथा अकार्यशील सम्पत्ति को शीघ्र कण्डम कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन अल्मोड़ा जितेन्द्र पाठक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार, आशुलिपिक एसएसपी अल्मोड़ा महेश कश्यप, पीआरओ सौरभ कुमार भारती सहित जिला संचार व डायल 112 में नियुक्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुमशुदा सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी की खोज को चला अभियान



अल्मोड़ा। नगर के समीप की ग्राम सभा स्यालीधार निवासी देवेन्द्र सिंह जीना बीती 14 अगस्त से घर नहीं पहुंचे हैं। लगातार खोजबीन करने के बाद भी उनका पता नहीं चल रहा है। ज्ञात हो कि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र सिंह जीना बीती 14 अगस्त की सुबह घूमने निकले थे जिनको आखिरी बार इलेक्शन वेयरहाउस के पास देखा गया था और तबसे वह गुमशुदा हैं। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके पुत्र पवन जीना द्वारा अल्मोड़ा कोतवाली में दर्ज़ कराई गई है। गुरुवार को क्षेत्र के लोगों के एक शिष्टमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुरोध किया है कि डॉग स्क्वॉड और ड्रोन की मदद से उनका पता लगाया जाए। शिष्टमंडल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है और उन्होंने कहा कि एसओजी व एनडीआरएफ की टीम को ढूंढ खोज में लगाया जाएगा। वहीं क्षेत्र में तेंदुवे के आतंक को देखते हुए वन विभाग की टीम द्वारा भी स्यालीधार और आसपास के जंगलों में सर्च अभियान चलाया गया।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में पेयजल संकट गहराया

चाम्पावत।राजकीय पॉलीटेक्निक लोहाघाट के नलकूप में खराबी आने से पेयजल संकट गहरा गया है। कैंपस व महिला पुरुष छात्रावास में रहने वाले छात्र छात्राओं को सोलर हैंडपंप से पानी लाकर दिनचर्या चलानी पड़ रही है। वर्ष 2019 में आपदा के दौरान शंखपाल से बनी पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद कॉलेज प्रशासन ने 2020 में कॉलेज परिसर में दो नलकूप लगाए गए थे। जिससे पेयजल आपूर्ति सुचारु हो गई। करीब एक माह पूर्व एक नलकूप की मोटर मोटर खराब होने से छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा कैंपस में रहने वाले स्टाफ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास के छात्र-छात्राओं को सुबह शाम सोलर हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है।

# पुलिस की तत्परता से महिला और 4 वर्षीय बच्ची सकुशल बरामद




अल्मोड़ा। सल्ट निवासी एक व्यक्ति ने थाना सल्ट में गुरुवार को सूचना दी कि बीती 14 अगस्त को उसकी बहू अपनी 04 वर्ष की बेटी को लेकर घर से बिना बताए कहीं चले गयी है। जिसकी उन्होंने काफी ढूँढ खोज कर ली है लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। जिस पर थाना सल्ट में तत्काल गुमशुदगी दर्ज की गयी। मामले की गंभीरता के दृष्टिगत एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा थानाध्यक्ष सल्ट को गुमशुदा महिला को उसकी बेटी सहित शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिये गये। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी से सर्विलांस सेल की सहायता से अथक प्रयासों के उपरांत गुमशुदा महिला को उसकी 04 वर्षीय बेटी सहित ढिकुली रामनगर से सकुशल बरामद किया गया है। यहाँ पुलिस टीम में थाना सल्ट से अपर उपनिरीक्षक मोहन चंद्रा, आरक्षी रवि प्रताप, महिला आरक्षी डिंपल व साइबर सेल अल्मोड़ा से आरक्षी बलवंत प्रसाद शामिल रहे।

# नैथना देवी मंदिर में संक्रांति पर लगा आस्था का मेला



अल्मोड़ा। नैथना देवी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संक्रांति पर मेले की धूम रही। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी रही। ज्ञात हो कि नैथना देवी मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष भाद्रपद मास की संक्रांति जिसे सिंह संक्रांति भी कहते हैं, को एक विशाल मेला लगता है, जो घी संक्रांति मेले के नाम से प्रसिद्ध है। जिसमें सुदूर गांवों से हजारों की संख्या में भक्त सुबह से ही पूजा पाठ और माँ के दर्शनों के लिए आते हैं और कीर्तन-भजन करते हैं। भक्तों का आना पूरे दिन चलता रहता है और फिर सभी लोग झोड़ा- चांचरी आदि के साथ मेले का आनंद लेते हैं। इस वर्ष भी द्वाराहाट के नैथना देवी मंदिर में घी संक्रान्ति पर लगे मेले में भिकियासैंण, चौखुटिया और द्वाराहाट ब्लॉक के दर्जनों गांवों के लोगों ने शिरकत करते हुए नैथना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मेले में मेलार्थियों ने नगाड़े-निसाण व वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर कर मां भगवती के मंदिर की परिक्रमा की।

### साक्ष्य मिटाने की आरोपी महिला को जेल भेजा

रुद्रपुर। साक्ष्य मिठाने के आरोप में गिरफ्तार महिला को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, 17 सितंबर 2022 को रम्पुरा निवासी धारा कोली लापता हो गए थे। सात अक्तूबर 2022 को पीलीभीत में उसका शव मिला था। पुलिस जांच में नशा तस्करी के आरोप में जेल में बंद किच्छा निवासी छत्तरपाल के जमानत पर आकर धारा कोली की हत्या करने के साक्ष्य मिले। पुलिस ने आरोपी छत्तरपाल को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी छत्तरपाल के मामा को भी हत्या में संलिप्तता मिलने पर जेल भेज दिया था।

# जिलास्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 209 बॉक्सरों ने दिखाया दम



पिथौरागढ़। कैप्टन हरि सिंह थापा जिला मुक्केबाजी एसोसिएशन की ओर से जिलास्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिले भर के बॉक्सरों ने अपना मुक्कों का दम दिखाया। नगर के टकाना स्थित सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजि प्रतियोगिता का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीमांत में बॉक्सिंग का उज्जवल भविष्य है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने पदक विजेता निकिता चंद, दीपा मेहता, काजल फर्सवाण, कर्निका कठायत, ब्रिजेश टम्टा, करन ऐरी, भूमिका महर, कोमल मेहता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह बोहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं सहित 209 बॉक्सरों ने हिस्सा लिया।

# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय से हों पूर्ण: मंडी निदेशक



रुद्रपुर। प्रदेश में मंडी परिषद के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य समय से पूरे होने चाहिए। यह निर्देश मंडी निदेशक आशीष भट्टगई ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। मंडी परिषद के निर्माण सेक्शन के द्वारा 70 निर्माण कार्य मंडी और 78 कार्य कार्यदायी संस्था के रूप में किए जा रहे हैं। इन कार्यों की समीक्षा मंडी निदेशक ने की। मंडी निदेशक ने समीक्षा में पाया कि करीब आठ स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस पर बताया गया है कि जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं, उनके टेंडर मई में हुए थे और उसके बाद बारिश से कार्य शुरू नहीं हुए हैं। बारिश रुकने व निर्माण कार्य स्थल पर पानी सूखने के बाद कार्य शुरू होंगे। मंडी निदेशक ने निर्देश दिया कि जहां पर भी निर्माण विभाग कार्य कर रहा है, उन हर स्थल पर मंडी परिषद के द्वारा निर्माण कार्य संचालित होने का बोर्ड लगना चाहिए। अगर निरीक्षण किया जाए तो सही कार्यस्थल पर निरीक्षण हो सके। प्रदेश में चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय पर व गुणवत्ता के साथ पूर्ण होने चाहिए। गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मंडी निदेशक ने स्पष्ट किया कि मानक से किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में महाप्रबंधक निर्माण विजय सिंह, डीजीएम रुद्रपुर एके खरे, अनिल सैनी डीजीएम विद्युत यांत्रिक सहित अन्य निर्माण विभाग एई व जेई मौजूद रहे।

### पूजा ने नेशनल चैपिंयनशिप खेल टॉप-8 में जगह बनाई

चम्पावत। बनबसा निवासी पूजा महर ने इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन की ओर से मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार खेल दिखा भारत के टॉप-8 खिलाड़ियों की सूची में जगह बनाई। मेडल राउंड में पूजा को हार का सामना करना पड़ा।

12 से 16 अगस्त तक नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित 11वीं सीनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पूजा ने शानदार खेल दिखाया।

# जनसंख्या सर्वे बगैर पाइप लाइन बिछाने का आरोप

पिथौरागढ़। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने जल निगम पर धुरौली गांव में बगैर जनसंख्या सर्वे के पाइप लाइन बिछाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इन दिनों बाराबीसी क्षेत्र के लगभग चालीस गांव की प्यास बुझाने के लिए चण्डिकाघाट पम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण करवाया जा रहा है।

मुख्य टैंक नगरोड़ा में बनाया गया है, लेकिन यहां से दस किमी दूर धुरौली तक एक इंच की पाइप लाइन बिछाई गई है। जबकि धुरौली के अलावा उक्त योजना से सुरौली, बोकटा, रैत्युड़ा को भी पानी की सप्लाई होनी है। चार गांव में लगभग एक जार से अधिक लोग रहते हैं। ऐसे में एक इंच की पाइप लाइन से कैसे लोगों की प्यास बुझेगी। स्थानीय निवासी दीवान सिंह का कहना है कि पूर्व तक धुरौली, सुरौली, बोकटा को जमतड़-धुरौली पेयजल योजना से पानी सप्लाई किया जाता था। तब दो इंच की पाइन लाइन बिछाई गई थी, लेकिन अब इसमें एक गांव और जोड़ दिया गया है और पाइप लाइन बढ़ाने की बजाय कम कर दी गई है।

### एबीवीपी और छात्र संघ की मांग पर बढ़ी सीटें

चम्पावत। पीजी कॉलेज लोहाघाट एबीवीपी और छात्र संघ की मांग पर बीए प्रथम सेमेस्टर पर सीटें बढ़ने पर छात्रों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया है। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री विवेक सिंह पुजारी और छात्र संघ अध्यक्ष मयंक ढेक ने बताया कि बीए प्रथम सेमेस्टर में कई छात्र-छात्राओं को सीटें कम होने के कारण प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।

# सीएम ने की गुरुद्वारे में सराय को संसाधन युक्त किए जाने को 25 लाख की घोषणा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सहारनपुर चौक स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु सिंह सभा देहरादून द्वारा सिख समुदाय में होने वाले 'आनन्द कारज' की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू करने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आढ़त बाजार के इस गुरुद्वारे में स्थित सराय को संसाधन युक्त किए जाने हेतु अल्पसंख्यक कल्याण निधि से 25 लाख रुपए की धनराशि दी जायेगी। सिख समाज में सेवा का जो विशेष भाव है, उसी भाव के अंतर्गत गरीब सिख परिवारों के बच्चों और समाज के अन्य गरीब तबकों के लिए, सिख समाज ने विद्यालय खोले हैं। ऐसे विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध किए जाने हेतु 25 लाख रुपए प्रदान किये जायेंगे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुनानक देव जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अंदर का सेवाभाव दिनों दिन बढ़ता रहे और गुरुनानकदेव जी का आशीर्वाद ऐसे ही पूरे प्रदेश पर बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनंद कारज एक्ट के लिए वर्ष 1909 में पहली बार मांग उठी थी, इसके बाद एक्ट बनवाने तथा पास करवाने के लिए सिख समाज को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। प्रदेश में राज्य सरकार ने कैबिनेट में आनंद कारज एक्ट को मंजूरी देकर सिख समाज की एक सदी पुरानी मांग को पूरा किया है। इस एक्ट के लागू होने से एक ओर जहां सिख समुदाय में महिला सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा मिलेगा, वहीं सभी विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य होने से बाल विवाह, बहु विवाह को रोकने में भी मदद मिलेगी। यह एक्ट महिलाओं को पति से भरण-पोषण और बच्चों को अपनाने के अपने अधिकारों का उपयोग करने में भी सहायक सिद्ध होगा, इसके साथ ही विधवा महिलाओं को विरासत का दावा करने में सक्षम बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि आज करतारपुर कॉरिडोर बनाने की सिख समाज की वर्षों पुरानी मुराद पूरी हो पाई। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए पहली बार ''वीर बाल दिवस'' मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। देवभूमि उत्तराखण्ड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इस रोपवे के निर्माण के बाद हेमकुंड साहिब आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी, क्योंकि 19 किमी. की पैदल चढ़ाई रोपवे से महज 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। राज्य सरकार उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प को लेकर निरन्तर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भजनों की प्रस्तुति से आस्था मय बना माहौल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नादलस्यूं पट्टी के बैंजाड़ी गांव स्थित कंडोलिया मंदिर में गुरुवार को वार्षिक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दिनभर चली पूजा अर्चना और महिलाओं की कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुति से यहां का माहौल आस्था मय बना रहा।

मंदिर समिति के सचिव मनवर सिंह नेगी ने बताया कि मंदिर में हर साल दो बार वार्षिक पूजन का कार्यक्रम होता है। गुरुवार को वार्षिक पूजा को लेकर मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं के पहुंचने का दौर भी शुरु हो गया। विधि विधान के बीच मंदिर में पूजा अर्चना शुरु हो गई। तो मंदिर परिसर में महिला कीर्तन मंडलियों की कीर्तन भजनों की प्रस्तुतियों से हर कोई आस्था में डूबा नजर आया। मंदिर समिति ने पौराणिक मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि मुहैया कराने तथा महिला कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन भजनों की प्रस्तुति के लिए साउंड सिस्टम, ढोलक, कुर्सियां आदि सामग्री उपलब्ध कराने की मांग विधायक राजकुमार पोरी से की। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर समिति व श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के सचिव मनवर सिंह नेगी, संयुक्त सचिव भुवन सिंह, बीरेंद्र खंकरियाल, जयवीर सिंह, राजेश्वरी देवी, नीरु देवी, परमेश्वरी देवी, सुनीता देवी, कमल किशोर रावत, बीरबल सिंह, राजेंद्र सिंह, आदि शामिल रहे।(एजेंसी)

## शंकर मार्केट में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शंकर मार्केट दुर्गापुरी में स्थित एक दुकान का ताला तोड वहां रखी माइक्रोवेव मशीन, 13 हजार रुपये व दुकान के बाहर खड़ी कार को चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में बालासौड़ निवासी ज्योति देवी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह दुर्गापुरी क्षेत्र में दुध की डेयरी चलाती है। 14 अगस्त की सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए गई तो उन्होंने देखा की शटर पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ है। साथ ही दुकान के अंदर से माइक्रोवेव मशीन व 13 हजार रुपये गायब थे। बताया कि दुकान के बाहर खड़ी उनकी कार भी गायब थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दो युवक चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। बताया कि गुरुवार को पुलिस ने आरोपित उत्तर प्रदेश जिला बरेली मोहल्ला गोटिया निवासी राहुल कुमार व जिला मंसूरपुर खेड़ी सराय निवासी रविंद्र को चोरी किए गए सामान व नगदी के साथ गिरफ्तार किया।

### पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों दिखाई प्रतिभा

टिहरी : राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी की एंटी रैगिंग सेल ने वनस्पति विज्ञान विभाग की पहल पर एन्टी रैगिंग पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता करवाई। वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षकों ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी के नेतृत्व में छात्रों को एंटी रैगिंग के प्रति जागरुक किया, साथ ही एंटी रैगिंग निषेध के नियमों के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. आशा डोभाल ने बताया कि प्रतियोगिता का डिजिटल संकलन कर महाविद्यालय की वेबसाइड पर प्रकाशित किया जाएगा।

# डीएम के अथक प्रयासों से राकेश की अफ्रीका से हुई घर वापसी

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित से अथक प्रयासों से घनसाली क्षेत्र के गांव चकरेड़ा निवासी राकेश लाल की सकुशल घर वापसी हो गई है। राकेश लाल कामकाज के सिलसिले में साउथ अफ्रीका गये थे। जहां पर उन्हें बंधक बनाकर उत्पीड़न का मामला सामने आने पर परिजनों सहित क्षेत्र के लोगों ने उनकी वापसी की मांग सीएम सहित जिला प्रशासन से की थी।

मामले में डीएम मयूर दीक्षित ने संज्ञान लेते हुए राकेश लाल की घर वापसी के लिए लगातार प्रयास करते हुए कार्यवाही की। जिसका परिणाम रहा है कि राकेश लाल की सकुशल घर वापसी हो गई है। जिसके लिए घनसाली क्षेत्र के लोगों सहित परिजनों लिए लिए शासन-प्रशासन सहित डीएम मयूर दीक्षित का विशेष आभार जताया है। घनसाली की ग्राम पंचायत चकरेड़ा नैलचामी और होल्टा के ग्रामीणों ने थौलधार में महिलाओं के साथ बैठक कर साउथ अफ्रीका में बंधक बनाये गये राकेश लाल की सकुशल घर वापसी की सीएम सहित डीएम से गुहार लगाई थी। मामले में डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि सम्बंधित विभागों सहित एलआईयू और अन्य विभागों की मदद से परिजनों व क्षेत्र के लोगों की गुहार पर तेजी से कार्यवाही की गई। जिसका परिणाम रहा है कि राकेश लाल सकुशल घर आ गया है। सामाजिक कार्यकर्ता जगतराम शाह सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि राकेश लाल को साउथ अफ्रीका में बंधक बनाये जाने के चलते जान का खतरा बन गया था। लेकिन मामले में शासन-प्रशासन सहित डीएम दीक्षित ने जिस संवेदना से काम किया है। इनके अथक प्रयास से राकेश लाल आज सकुशल घर आ गया है। (एजेंसी)

### विधौली क्षेत्र में बंद घर से नगदी गहने चोरी

देहरादून। प्रेमनगर के विधौली चौकी क्षेत्र स्थित बंद घर का ताला तोड़कर चोर नकदी और गहने चुरा ले गए। चौकी इंचार्ज मिथुन कुमार ने बताया कि विक्टोरिया मेहरा निवासी टीएचडीसी एंक्लेव फुलसनी ने तहरीर दी। बताया कि बीते 10 अगस्त को उनका घर बंद था। इस दौरान चोरी की वारदात हुई। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर से नगदी और गहने लेकर गए हैं। घटना को लेकर महिला ने 15 अगस्त को तहरीर दी। जिस पर बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।

### नाग देव डोली रही आकर्षण का केंद्र

उत्तरकाशी : नौगांव प्रखंड के धारी कफनौल क्षेत्र के सात गांव के आराध्य देव ध्येश्वर नाग देवता की डोली विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शाम 4 बजे दारसौं गांव स्थित गर्भगृह में विराजमान हुई। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने लोक हारूल नृत्य कर क्षेत्र की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। वहीं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। दारसौं गांव में आराध्य ध्येश्वर नाग का गर्भगृह है। हर एक साल बाद यहां विशाल भंडारे के साथ नाग देवता अपने थान में प्रवेश करते हैं। गुरुवार को ध्येश्वर नाग के दर्शन को सात गांव से आए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। नाग देव डोली नृत्य ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में रवांई घाटी के संस्कृति के रंग बिखेरे, जिसमें लोकगीत, लोक नृत्य हारूल आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। (एजेंसी)

# योजनाओं का प्रभावित लोगों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कर रहे काम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में अतिपलायन प्रभावित गांवों में मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना का सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं का प्रभावित लोगों को लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।अतिपलायन प्रभावित गांवों में पलायन रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना संचालित की जा रही है।



योजना के तहत किसानों की आय में वृद्धि हेतु किसानों को सुगंधित और औषधीय पौधों की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाली रोग और कीट मुक्त पौध सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जानकारी देते हुए मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के अंतर्गत विकास खंड अगस्त्यमुनि के निषणी, नवासू व बंगोली गांव अतिपलायन प्रभावित गांव की श्रेणी में चयनित हैं जहां औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उक्त चयनित गांवों के प्रस्तावित क्षेत्र का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही गोष्ठी के माध्यम से किसानों को फसल की जानकारी व इसके लाभ से अवगत कराया गया। इसके बाद उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इच्छुक कृषकों की सूची तैयार कर उन्हें खेती की तकनीकों के बारे में ऑफ फार्म व ऑन फॉर्म किसान प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद खेत तैयार करते हुए पौध रोपण व रोपण से फसल कटाई तक की देखभाल तथा उनके द्वारा उगाए गए उत्पादों का विभिन्न संस्थाओं द्वारा क्रय करवाया जाएगा।

# महिलाओं ने सीखें पापड़ और अचार बनाने के गुर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग के बज्यूण गावं की महिलाओं ने बिच्छू घास (कण्डाली), मडूवे के पापड सहित लिंगुडें आदि का आचार बनाना सीखा। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी रुद्रप्रयाग द्वारा विकासखण्ड अगस्त्यमुनि रुद्रप्रयाग के ग्राम बज्यूण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत जूड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दस दिवसीय पापड, अचार बनानें का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का 7 अगस्त को शुरू हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अनीता शर्मा द्वारा स्थानीय उत्पाद कोदा, बिच्छु घास, साबुदानी पापड तथा करेला, नीबू, लिंगुडा, मिक्स अचार सहित जैम, चटनी, पापड बनाने जानकारियां दी गयी। अग्रणी बैक प्रबन्धक चतर सिंह ने महिलाओं को स्वरोगार के प्रेरित कर उन्हें स्थानीय स्वरोजगार की जानकारी दी। वहीं संस्थान के प्रशिक्षक वीरेन्द्र बर्तवाल द्वारा उद्यमिता विकास, समय प्रबन्धन, मार्केट सर्वे, जोखिम प्रबन्धन, सहित सरकार द्वारा चलायी जा रहीं स्वरोजगार परक योजनाओं जानकारियां प्रशिक्षुओं को दी गयी। प्रशिक्षण के प्रति महिलाओं में काफी उत्साह के साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिली। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर प्रशिक्षण के मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय आरसेटी श्रेष्ठता केद्र द्वारा भेजी गयी टीम द्वारा प्रशिक्षण मुल्यांकन किया गया, जिसमें लिखित तथा मौखिक परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षु पास हुए। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान विजेश्वरी देवी ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण गांव में पहली बार हुआ जिसमें महिला समूहों ने बढ़चढर भाग लिया। कहा कि भविष्य में इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर वह खुद के उत्पाद भी तैयार करेंगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित सक्रिय महिला बीना देवी, संगठन की अध्यक्षा रजनी देवी सहित प्रशिक्षण ले रही रिंकी देवी, सीता देवी, पुष्पा देवी बबीता देवी, कविता देवी, रश्मि, सुधा देवी, रेखा देवी, सपना, रविना, करीना, माया, गीता, प्रेमा, दमयन्ती देवी आदि मौजूद थी।

# लावारिस गोवंशों की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता

टिहरी : चंबा ब्लाक के नकोट बाजार में लावारिस गोवंशों की बढ़ती संख्या पर व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। उन्होंने डीएम से गुहार लगाते हुये बाजार में लावारिस घूम रहे गोवंशों को गोशाला में भेजने की मांग की है। नकोट व्यापार मंडलाध्यक्ष कुलदीप मखलोगा ने बताया कि बीते दिनों से नकोट बाजार में लावारिस गोवंशों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके कारण व्यापारियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा स्थानीय लोग रात को गोवंशों को नकोट बाजार में छोड़ देते हैं, जिससे गोवंशों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। नकोट के पूर्व प्रधान दौलत सिंह मखलोगा तथा जगवीर सिंह रावत ने कहा कि लावारिस गोवंश नकोट और तुंगोली गांव के खेतों में जाकर लोगों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीण काश्तकार परेशान हैं। बताया कई बार गुलदार द्वारा भी गोवंशों पर हमला करने का मामला सामने आ गया है, जिससे लोगों में भी गुलदार की दहशत है। उन्होंने उन पशु पालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, जो बाजार में गायों को छोड़ देते हैं। साथ ही प्रशासन से निराश्रित गोवंश को गोशाला भेजने की गुहार लगाई है। मौके पर डीएम को ज्ञापन भी दिया। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान नकोट विनीता मखलोगा, तुंगोली ग्राम प्रधान संगीता रावत, प्रधान दिवाडा पूनम नेगी, भगवान सिंह धनोला सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# इंटर कॉलेजों में कला व व्यायाम का प्रवक्ता पद सृजित करने की मांग

रुद्रप्रयाग : राजकीय शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक में शैक्षिक उन्नयन, खेल व सांस्कृतिक समितियों का गठन किया गया। इस मौके पर शिक्षक संघ ने पदोन्नति उप प्रधानाचार्य का पद सृजित कर सभी इंटर कालेजों में कला व व्यायाम का प्रवक्ता के पद सृजित करने मांग की।

मुख्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष नरेश भट्ट ने कहा कि जनपद कार्यकारिणी नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी से मिलकर शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि यात्रा अवकाश व पितृकर्म अवकाश का शासनादेश जल्दी जारी होने वाला है। प्रांतीय नेतृत्व हर स्तर पर शिक्षक समस्याओं के समाधान ढूंढ रहा है। चयन वेतनमान पर एक वेतन वृद्धि न देने वाला शासनादेश संख्या 150 समाप्त करने के लिए संघ का सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। बैठक में बेसिक से समायोजित शिक्षकों को कोर्ट के निर्णय के आधार पर 1996 से वरिष्ठता का लाभ देने का कड़ा विरोध किया गया। कोर्ट के निर्णय के लिए न्यायालय में सही ढंग से पैरवी न करने के लिए विभाग को दोषी ठहराया। बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा कि एलटी शिक्षकों की वरिष्ठता के साथ छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में राजकीय विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को पूर्व की भांति यथावत रखने की मांग की। पूर्व में उच्चीकृत इंटर कॉलेजों में कला संकाय खोलने की मांग की गई। जनपद में त्रुटिपूर्ण कोटिकरण सुधार के लिए जिला कार्यकारिणी निरंतर उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर प्रयासरत है। इसके अलावा विद्यालयों को एक ही एप दिया जाए, जिसमें सभी गतिविधियां संचालित हों। बैठक का संचालन जिला मंत्री आलोक ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार, महिला उपाध्यक्ष ललिता रौतेला, संगठन मंत्री विमला राणा, ब्लाक मंत्री अगस्त्यमुनि अंकित रौथाण, उपाध्यक्ष शंभू ओडियाल, आय व्यय निरीक्षक सुनील कुमार समेत कई शिक्षक मौजूद थे। (एजेंसी)

### 11 दिन बंद रहेगी सुरकंडा रोपवे सेवा

टिहरी : सुरक्षा के दृष्टिगत सुरकंडा देवी रोपवे के वार्षिक रूटीन निरीक्षण किये जाने के चलते 17 से 28 अगस्त तक रोपवे सेवा पूरी तरह से स्थगित रहेगी। रूटीन जांच पूर्ण करने के बाद ही रोपवे सेवा की शुरूआत की जायेगी।

# छात्र महाविद्यालय के विकास में सहयोग करें

उत्तरकाशी : बीएल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने महाविद्यालय की कार्य संस्कृति एवं कार्यपद्धति के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

जिससे वे पठन-पाठन के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर गतिविधियों को सुचारु रूप से संपादित कर सकें।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वे महाविद्यालय में मर्यादित व्यवहार और अनुशासन के साथ-साथ महाविद्यालय के विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। प्राचार्य ने जहां छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति पर विस्तृत जानकारी दी वहीं नए प्रवेशित बच्चों को स्व रोजगार परक शिक्षण के माध्यम से अपने आप को बहुआयामी बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन दीपक सिंह चौहान एवं डॉ. यमुना प्रसाद रतूड़ी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक कृष्णदेव रतूड़ी, डॉ. बिशम्बर जोशी, भोपाल सिंह कार्की, राजीव नौटियाल, तबसुम जहां, नरेश शाह, विनोद कुमार, राजेन्द्र लाल आर्य, कुंदन सिंह, जगरनाथ असवाल, कुसमिला रावत थे। (एजेंसी)

# गौंडार-मद्महेश्वर मार्ग पर आवाजाही हेतु बनेगा लकड़ी का अस्थाई पुल

रुद्रप्रयाग : गौंडार-मद्महेश्वर पैदल मार्ग में बनतोली में लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ फिलहाल आवाजाही के लिए अस्थाई लकड़ी का पुल बनाएगा। सरस्वती (मोरकंडा) नदी का जल स्तर कम होते ही पुल बनाने का काम शुरू होगा।

शुक्रवार से इसकी उम्मीद जताई जा रही है। पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर जाने के लिए बनतोली में पुल टूटने से आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। 13 अगस्त को हुई भारी बारिश से यहां वर्ष 1980 में बना पुल ध्वस्त हो गया है जिससे दोनों जगहों से आवाजाही थम गई है। अब, लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ बनतोली में विकल्प के रूप में लकड़ी का अस्थाई पुल बनाने की तैयारी में है। करीब 20 मीटर लम्बे पुल में एक बार में एक या दो व्यक्ति को ही आने जाने की अनुमति दी जाएगी। ताकि किसी तरह से मदमहेश्वर के लिए आवागमन बना रहे। लोनिवि के ईई मनोज भट्ट ने बताया कि जल स्तर कम होने का इंतजार किया जा रहा है। आज शुक्रवार से लकड़ी के पुल बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। करीब 20 मीटर स्पान पर लकड़ी का पुल लगाकर आवाजाही शुरू कराई जाएगी। (एजेंसी)

**ट्रॉली लगाने की है योजना**

बनतोली में लोनिवि ट्रॉली लगाने की भी तैयारी कर रहा है। इसके लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल जब तक स्थाई पुल का निर्माण नहीं होता, यहां ट्राली को लकड़ी के पुल से बेहतर विकल्प माना जा रहा है। ताकि किसी तरह से मदमहेश्वर के लिए बनतोली में नदी से सुरक्षित सफर किया जा सके। लोनिवि के ईई ने बताया कि ट्रॉली लगाने में एक माह का समय लग सकता है।

## टॉप ग्लोबल रैंकिंग के लिए और मेहनत की जरूरत–प्रो. वेद प्रकाश

देहरादून। टॉप ग्लोबल रैंकिंग में देश के शैक्षिक संस्थानों को जगह बनाने के लिए मेहनत करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें शिक्षा की दिशा और दशा बदलनी होगी। छात्रों और शिक्षकों की सोच में भी बदलाव लाना होगा। साथ ही शिक्षा में नए प्रयोग भी करने होंगे। ये बात श्री गुरु राम राय विवि की ओर से एसजीआरआर मेडिकल कालेज में उच्च शिक्षा पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार के दौरान यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने कही। उन्होंने देश में उच्च शिक्षा के इतिहास प्राचीन शिक्षा प्रणाली एवं नई शिक्षा नीति के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कहा की नई शिक्षा नीति में हमारे पास शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने का पूरा अवसर है। उन्होंने सेमिनार में पश्चिमी देशों के जीडीपी के सापेक्ष शिक्षा के लिए जारी बजट के अनुपात के तुलनात्मक आँकड़े पेश किए। सेमिनार के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमहंत देवेंद्र दास ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि **12.09.2023** है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 129-DRM-MB-23-24 17.08.2023 | 130-DRM-MB-23-24 17.08.2023 | 131-DRM-MB-23-24 17.08.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 5 Km. RCC boundary wall at vulnerable / heavy trespassing location in NBD-SRE section under ADEN/RK. | Construction of 5 nos. type - IV quarter for newly created post of ADEN/HW, ASC/HW, ADME/HW, Station Director/HW and ADSTE/HW under ADEN/HW. | Through bridge channel sleeper renewal by H-Beam sleeper 1163 nos. (Br. No. 1251 DN - 101 Nos, 1254 DN - 64 Nos, 1255 DN - 63 Nos, 1258 DN - 137 Nos, 1258 UP - 137 Nos and 1259 UP - 661 Nos) in the section of ADEN/RK under DEN-I/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 12.09.2023, 16:00 hrs. | 12.09.2023, 16:00 hrs. | 12.09.2023, 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 3,42,94,275.46 | 1,80,45,705.91 | 3,90,24,946.91 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,21,500.00 | 2,40,200.00 | 3,45,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 29.08.2023 | 29.08.2023 | 29.08.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह | 18 माह | 9 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.08.2023 2545/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मद्महेश्वर की यात्रा थमी, स्थानीय लोगों का रोजगार प्रभावित

रुद्रप्रयाग : सरस्वती (मोरकंडा) नदी पर बनतोली में लोहे के पुल के टूट जाने के बाद द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा पूरी तरह थम गई है। धार्मिक यात्रा के साथ ही खूबसूरत प्रकृति निहारते हुए साहसिक पर्यटन का अहसास कराने वाली मद्महेश्वर की यात्रा रूकने से स्थानीय लोगों का रोजगार भी प्रभावित हो गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।मद्महेश्वर घाटी में द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा शुरू होते ही रांसी, गौंडार, खुन्नू, बनतोली, नानू, खटरा आदि स्थानों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग रोजगार करते हैं। इन ग्रामीणों का यात्रा पर ही रोजगार निर्भर है किंतु बनतोली में पुल टूटने के बाद यात्रा पूरी तरह थम जाने से स्थानीय लोगों का रोजगार प्रभावित हो गया है। गौंडार के ग्राम प्रधान वीर सिंह ने बताया कि कुछ लोगों की मद्महेश्वर और पैदल मार्ग में छानी और दुकानें हैं वो अभी भी वहां हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही मार्ग खुलेगा और फिर से कारोबार चलेगा। उनके पास रहने, खाने के साथ ही जरूरी सामान उपलब्ध है। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र मद्महेश्वर यात्रा की दिक्कत को देखते हुए बनतोली में वैकल्पिक व्यवस्था शुरू करने की मांग की है।

## नोनी में भूस्खलन से इंफाल–सिलचर राजमार्ग बंद, 500 मालवाहक ट्रक फंसे

**इंफाल,(एजेंसी)।** जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में प्राकृतिक आपदा की खबर आई है। यहां के नोनी जिले में भूस्खलन से इंफाल–सिलचर राजमार्ग बंद हो गया है। इससे 500 से अधिक मालवाहक ट्रक रास्ते में फंस गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर इरांग और अवांगखुल भाग 2 के बीच, खोंगसांग और अवांगखुल के बीच और रंगखुई गांव, 3 जगह भूस्खलन हुआ।मार्ग को खोलने और यातायात बहाल करने के लिए स्थानीय प्रशासन की टीम जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, मणिपुर के कई क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे भूस्खलन हुआ है। स्थानीय स्तर पर भूस्खलन को लेकर लोगों को सतर्क भी किया गया है।बताया जा रहा है कि राजमार्ग से भूस्खलन के बाद आए मलबे को हटाने में समय लग सकता है। हालांकि, यातायात कितने दिनों में बहाल होगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल लोगों को इंफाल–सिलचल राजमार्ग पर जाने से मना किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मणिपुर के नोली जिले में पिछले साल 30 जून को भी भूस्खलन हुआ था। यहां रेलवे निर्माण स्थल पर भीषण भूस्खलन की चपेट में आने से 61 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के समय जिरिबाम–इंफाल रेलवे लाइन पर तुपुल रेलवे यार्ड के निर्माण का काम चल रहा था।बता दें कि हिंसा प्रभावित राज्य में भूस्खलन से यातायात ज्यादा दिन ठप हुआ तो जरूरी सामग्रियों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

## सवारियों से खचाखच भरी नाव समंदर में पलटी, 60 से अधिक लोगों की मौत

**केप वर्डे, एजेंसी।** अफ्रीकी देश केप वर्डे में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां सवारियों से भरी नाव समंदर में पलट गई। इस हादसे में कम से कम 60 लोगों के मारे जाने की आशंका है और 38 अन्य को बचा लिया गया है। बताया जा रहा है कि नाव में 100 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि जुलाई में सेनेगल से रवाना हुई एक प्रवासी नाव केप वर्डे के पास पलट जाने से 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

पश्चिम अफ्रीकी तट से लगभग 620 किमी (385 मील) दूर एक द्वीप राष्ट्र केप वर्डे में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मछली पकडऩे वाली नाव एक महीने पहले सेनेगल से रवाना हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गिनी–बिसाऊ के नागरिक सहित 38 लोगों को नाव से बचाया गया। तट रक्षक ने कहा कि जीवित बचे लोगों और मृतकों की कुल संख्या 48 थी। स्थानीय मुर्दाघर के कर्मचारी ने कहा कि उसे सात शव मिले हैं।बता दें कि पिछले साल 2022 में कैनरी द्वीप तक पहुंचने की कोशिश में 559 लोगों की जान गई थी।

## महिला सुरक्षा में नाकाम मुख्यमंत्री को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं: आकाश आनंद

**करोली, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी के ' सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा ' का दूसरा पड़ाव राजस्थान के करोली में हुआ। बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर श्री आकाश आनंद के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय संकल्प यात्रा का 16 अगस्त को संधू पैलेस धौलपुर से शुभारंभ हुआ था। यात्रा 88 किलोमीटर की रही जो करोली से गंगापुर सिटी से होते हुए हिंडोन पहुँची। आकाश आनंद ने कहा, 'बाबा साहेब के दिखाए रास्ते, मान्यवर साहेब के दिखाए तरीक़ों और बहन मायावती जी के बेबाक़ अंदाज़ से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढऩा है।

# राम मंदिर आंदोलन में गोली खाने वालों को ऐसे मिलेगा सम्मान, ट्रस्ट कर रहा तैयारी

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। जनवरी में इसका उद्घाटन होना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भगवान राम के मंदिर के लोकार्पण के साथ–साथ उन लोगों को भी सम्मान देने की योजना बना रहा है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाए थे। इन वीर शहीदों को सम्मान देने के लिए ट्रस्ट की बैठकों में कई माध्यमों पर चर्चा हुई है। इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों–भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया है। अंततः अयोध्या में बनने वाले प्रस्तावित राम म्यूजियम में ऐसे सभी शहीदों को स्थान देकर उन्हें सम्मान देने की योजना पर अंतिम सहमति बन सकती है।



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सूत्रों ने अमर उजाला को बताया कि ट्रस्ट की बैठकों में इस बात पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। कुछ सदस्यों ने इन राम भक्तों की मूर्तियां स्थान–स्थान पर लगवाने का प्रस्ताव किया तो कुछ ने इनके नाम पर अयोध्या की सड़कों–चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव दिया है।

इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में सबसे बड़ी बाधा यह रही कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों की संख्या की ठीक–ठीक जानकारी नहीं है। लगभग पांच सौ वर्ष लंबे चले राम मंदिर आंदोलन में हजारों लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। 1990 के दशक में चले आंदोलन से पूर्व के आंदोलनों में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों के विषय में ठीक–ठीक सूचना पाना भी कठिन हो सकता है। इनकी संख्या भी बहुत अधिक हो सकती है और इस कारण सबकी मूर्तियां बनवाना संभव नहीं हो सकता है। यही कारण है कि अपने प्राण गंवाने वाले ऐसे सभी राम भक्तों के लिए अलग–अलग मूर्तियां बनवाने के विचार को उपयुक्त नहीं पाया गया।

सबसे अधिक सहमति इस बात पर बन रही है कि जितने भी राम भक्तों के आंदोलन में मारे जाने की बिल्कुल ठीक–ठीक सूचना है, उन्हें एक म्यूजियम में स्थान दिया जा सकता है। लाइट एंड साउंड शो और चलचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से इन राम भक्तों की आंदोलन में भूमिका को याद किया जा सकता है और इसके माध्यम से उन्हें सम्मान दिया जा सकता है।

ठीक इसी तरह का प्रयोग गुजरात में महात्मा गांधी की जीवनी को लोगों तक पहुंचाने के लिए और काशी में भगवान शिव की महिमा को लोगों तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। बहुत संभावना है कि इसी तर्ज पर राम मंदिर आंदोलन में अपनी जान गंवाने वाले राम भक्तों को याद किया जाए और उनके कार्यों को सम्मान दिया जाए।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन की जमानत याचिका खारिज कर दी

**प्रयागराज,(एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन की जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिसने कथित तौर पर इसके माध्यम से जिहादी साहित्य साझा किया था।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने इनामुल हक द्वारा दायर जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के देवबंद पुलिस स्टेशन में धारा 121–ए (भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेडऩा) और 153–ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आईपीसी के धर्म के आधार पर)।व्हाट्सएप ग्रुप में कथित तौर पर 181 सदस्य थेः 170 पाकिस्तान से, तीन अफगानिस्तान से, एक–एक मलेशिया और बांग्लादेश से और छह भारत से।

## कमांडर की गिरफ्तारी के बाद लीबिया में भीषण संघर्ष में 55 की मौत

**त्रिपोली, एजेंसी।** एक सैन्य कमांडर की हिरासत के बाद लीबिया की संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार का समर्थन करने वाले दो मिलिशिया समूहों के बीच त्रिपोली में हुई भीषण झड़प में कम से कम 55 लोग मारे गए और 146 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर शाम राजधानी त्रिपोली के कुछ हिस्सों में 444 ब्रिगेड और विशेष निरोध बल के बीच हिंसा भडक़ उठी। विशेष निरोधक बल ने कथित तौर पर 444 ब्रिगेड के एक शक्तिशाली कमांडर को गिरफ्तार कर लिया।बुधवार को मरने वालों की संख्या की पुष्टि करते हुए, लीबिया के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने कहा कि पीड़ितों में नागरिक और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जबकि कई शव अज्ञात हैं।

234 परिवारों को सीमावर्ती क्षेत्रों से निकाला गया, जिसमें 60 एम्बुलेंस तैनात की गईं और हताहतों की संख्या से निपटने के लिए तीन फील्ड अस्पताल स्थापित किए गए।आंतरिक मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि झड़पें तब रुकी जब दोनों गुट प्रधानमंत्री और त्रिपोली के बुजुर्गों के प्रयासों से युद्धविराम पर सहमत हुए।बुधवार को त्रिपोली के कई बुजुर्गों के साथ एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री अब्दुल–हमीद दबीबा ने इस बात को खारिज कर दिया कि देश में लड़ाई फिर से शुरू हो गई है।सरकार के सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने कहा कि लड़ाई अस्वीकार्य है और देश किसी भी गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने पत्नी–क्रूरता के शिकार व्यक्ति की तलाक याचिका को अनुमति देने का आदेश बरकरार रखा

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी द्वारा मानसिक क्रूरता के दावे के आधार पर तलाक की डिक्री देने के पारिवारिक न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में अवैध संबंध के झूठे आरोपों को अंतिम प्रकार की क्रूरता माना और कहा कि ऐसे आरोप एक सफल वैवाहिक रिश्ते के लिए आवश्यक विश्वास को खत्म कर देते हैं। अदालत ने कहा, अवैध संबंध के झूठे आरोप क्रूरता की चरम सीमा हैं क्योंकि यह पति–पत्नी के बीच विश्वास और भरोसे के पूरी तरह टूटने को दर्शाता है जिसके बिना कोई भी वैवाहिक रिश्ता टिक नहीं सकता। पीठ ने पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज कर दिया। पारिवारिक अदालत ने पत्नी द्वारा क्रूरता के आधार पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1)(आई–ए) के तहत पति की तलाक याचिका को अनुमति दी थी। दंपत्ति की शादी मार्च 2009 में हुई थी। उनकी एक बेटी भी है। पति ने दावा किया कि उसकी पत्नी उस पर विभिन्न प्रकार के अत?याचार करती है, जिसने मार्च 2016 में ससुराल छोड़ दिया था।

अदालत ने कहा कि पति की बिना खंडन की गई गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि वह छोटी–छोटी बातों पर झगड़ती थी और उसके साथ संवाद करने और तर्क करने की कोशिशों के बावजूद अडियल रुख बनाए रखती थी।

अदालत ने सहवास को वैवाहिक रिश्ते के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में देखा और इस बात पर प्रकाश डाला कि पत्नी द्वारा पति को बिना किसी सूचना के लंबे समय तक छोडऩे और सहवास को रोकने के कार्य महत्वपूर्ण कारक थे। पीठ ने कहा कि हालांकि व्यक्तिगत दलीलें छोटी लग सकती हैं, लेकिन उनका संचयी प्रभाव मानसिक शांति को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है और यदि वे बार–बार घटित हों तो पीड़ा पैदा कर सकता है। अदालत ने पति के इस दावे पर भी विचार किया कि पत्नी ने बालकनी से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिससे उसके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा और वैवाहिक रिश्ते पर असर पड़ा।

पति के विवाहेतर संबंधों के पत्नी के आरोप के संबंध में, अदालत ने ऐसे दावों का समर्थन करने वाले सबूतों की कमी की ओर इशारा किया। अदालत ने इन आरोपों को वैवाहिक रिश्ते के लिए हानिकारक और अंतिम कील के समान माना, जो समग्र मानसिक क्रूरता में योगदान देता है।

पीठ ने पारिवारिक अदालत के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें कहा गया कि सामूहिक रूप से चर्चा किए गए उदाहरणों ने पर्याप्त मानसिक क्रूरता का प्रदर्शन किया, जो हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) (आईए) के तहत तलाक के लिए पति के अधिकार को उचित ठहराता है।

## भाजपा चुनाव समिति और मेनिफेस्टो कमेटी की घोषणा

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** राजस्थान विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने केंद्रीय मंत्री एवं राजस्थान के बीकानेर से लोक सभा सांसद अर्जुन राम मेघवाल को राजस्थान विधान सभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रदेश संकल्प पत्र ( चुनावी घोषणापत्र ) बनाने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मेघवाल को राजस्थान में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का संकल्प पत्र तैयारी करने वाली कमेटी का संयोजक बनाया गया है।

वहीं पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक घोषित कर दिया है। अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में बनाई गई प्रदेश संकल्प पत्र समिति में पार्टी ने राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवारी एवं किरोड़ी लाल मीणा, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर, राव राजेन्द्र सिंह, सुभाष मेहरिया, प्रभुलाल सैनी और राखी राठौर को सह संयोजक घोषित किया है।

## जोशीमठ बना कृष्णानगर, स्लाटर हाउस सहित बहुमंजिला भवन ध्वस्त, खाली करवाए 40 घर

शिमला, एजेंसी। राजधानी शिमला का कृष्णानगर जोशीमठ बन चुका है। यहां ताश के पत्तों की तरह बहुमंजिला भवन जमींदोज हो रहे हैं। कृष्णानगर में नगर निगम का 28 करोड़ की लागत से बनाया गया स्लाटर हाउस भी ध्वस्त हो गया है। आसपास के भवनों सहित 35 से 40 घरों को खाली करवा दिया गया है। यहां लगातार भूस्खलन हो रहा है। लोग अपना सामान पैक कर सुरक्षित स्थानों की आरे निकल रहे हैं। यहां बसे लोगों ने आरोज जड़ा है कि स्लाटर हाउस की वजह से ही उनके घर खतरे की जद में आए हैं।



उस वक्त सरकार व प्रशासन से यहां स्लाटर हाउस न बनाने की मांग की थी, लेकिन किसी ने भी नहीं सुनी। वर्षों से यहां रह रहे लोगों की आंखों में आंसू हैं कि कैसे वे अपने घरों को छोडक़र जाएं। बता दें कि भारी बरसात के बाद राजधानी शिमला में पहली बार एक साथ कई भवनों पर खतरा बन रहा है। समरहिल और बालूगंज के बीच शिव बावड़ी पर लैंडस्लाइड में अब तक 14 लोगों की मौत, फागली में पेड़ गिरने से पांच लोगों की मौत और कृष्णा नगर में लैंडस्लाइड से अब तक मिले दो शवों के बाद पूरे शहर में लोग डरे हुए हैं।

बीते तीन दिन में सोलन, शिमला, सिरमौर और मंडी में 74 लोगों की मौत हो चुकी है। अकेले शिमला में यह आंकड़ा 21 है। सोलन टालैंड स्थित शहरी विकास विभाग के मुख्यालय यूडी भवन को खाली करवाना पड़ा है। इस भवन के पीछे पहाड़ से लैंडस्लाइड आया था। शहरी विकास विभाग के सचिव ने फिलहाल निदेशालय के कर्मचारियों को कुसुम्पटी में बने नगर निगम के काम्प्लेक्स में शिफ्ट कर दिया है। इसके अलावा जाखू स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से नीचे की सडक़ में डेढ़ से दो फुट की दरारें पड़ गई हैं। विकासनगर में भ्राता सदन के पास सडक़ पर काफी बड़ी दरार दिख रही है। इसी तरह की दरार शिमला शहर में कार्ट रोड पर लिफ्ट के पास भी पड़ गई है। आईएसबीटी से टूटीकंडी की सडक़ के बीच में काफी लंबी दरार दिख रही है।

## छूट नीति को चुनिंदा तरीके से क्यों लागू किया जा रहा है

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार से दोषियों को चुनिंदा छूट नीति का लाभ देने पर सवाल उठाया और कहा कि सुधार करने और समाज के साथ फिर से जुडऩे का अवसर हर कैदी को दिया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने 2002 राज्य में गोधरा दंगे में बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गई छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उपरोक्त टिप्पणी की।

पीठ ने कहा, छूट की नीति को चयनात्मक रूप से क्यों लागू किया जा रहा है? पुनः शामिल होने और सुधार का अवसर प्रत्येक कैदी को दिया जाना चाहिए, न कि केवल कुछ दोषियों को।

क्या 14 साल के बाद आजीवन कारावास की सजा पाने वाले सभी दोषियों को छूट का लाभ दिया जा रहा है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. से पूछा। राजू, गुजरात राज्य की ओर से उपस्थित हुए।

## नाइजीरिया में तख्तापलट, सशस्त्र बलों ने गांवों में घुसकर मचाया कत्लेआम, 31 लोगों की मौत



**नियामे, एजेंसी।** नाइजर में हाल ही में हुए सशस्त्र बलों द्वारा हमलों में करीब 31 लोग मारे गए। एक्टुनिगर समाचार पोर्टल ने गुरुवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि नाइजीरियाई गांवों पर 15 अगस्त को सशस्त्र बलों ने हमला किया था, जिसमें करीब 31 लोग मारे गए। सभी पीड़ित टिल्लाबेरी के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र के नागरिक थे। 26 जुलाई को नाइजर में तख्तापलट हुआ। राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी के नेतृत्व में उनके ही गार्ड ने अपदस्थ कर दिया और हिरासत में ले लिया।

तख्तापलट के बाद, पंद्रह देशों का एक क्षेत्रीय राजनीतिक और आर्थिक संघ (इकोवास) ने नाइजर की सभी वित्तीय सहायता निलंबित कर दी और विद्रोहियों की संपत्ति जब्त कर ली। इसके अलावा, देश से आने–जाने वाली वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। अगस्त की शुरुआत में, इकोवास नेताओं ने नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में शिखर सम्मेलन के दौरान बज़ौम को बहाल करने के लिए एक अतिरिक्त बल को सक्रिय करने पर सहमति व्यक्त की।

## सरकार ने फर्जी कॉल, बड़ी संख्या में सिम कार्ड जारी करने पर रोक लगाने उपाय शुरू किए

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** सरकार ने गुरुवार को धोखाधड़ी वाली कॉलों को रोकने और थोक सिम कार्ड जारी करने पर रोक लगाने के लिए दो महत्वपूर्ण उपायों की घोषणा की। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा है कि अब सिम कार्ड डीलरों के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जा रहा है और उनके लिए बायोमेट्रिक सत्यापन भी होगा।

मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि बिक्री स्थल पर डीलरों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे सिम कार्ड बेचने वाले डीलर किसी भी तरह की धोखाधड़ी के लिए जवाबदेह होंगे।

एक अन्य बड़े कदम में, सरकार सिम कार्ड की थोक खरीद बंद कर देगी, मंत्री ने आगे बताया कि इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

वैष्णव ने कहा कि कई बल्क कनेक्शनों के विस्तृत अध्ययन के बाद, बल्क कनेक्शन प्रणाली को खत्म करने का निर्णय लिया गया।वैष्णव ने कहा, मोबाइल सिम कार्ड के नए डीलरों के लिए पुलिस सत्यापन और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना अनिवार्य होगा।

# सुप्रीम कोर्ट सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई बढ़ाने की योजना बना रहा हैः सीजेआई

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश भर की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को सक्षम करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा है।

अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने सुझाव दिया कि क्या प्रौद्योगिकी–संचालित हाइब्रिड सुनवाई को जिला न्यायपालिका तक भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, यदि आप इसे (आभासी सुनवाई) मुफस्सिल अदालतों सहित निचली अदालतों तक ले जा सकें। यह सबसे बड़ा योगदान होगा। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, ईकोर्ट्स (प्रोजेक्ट) के तीसरे चरण में, हमारे पास एक बड़ा बजट है, इसलिए हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं।

एक संक्षिप्त बातचीत में, उन्होंने याद किया कि कैसे राज्य सरकारें अदालतों में न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कुछ राज्य सरकारें बहुत सहायक हैं, अन्य हैं जिन्हें आप जानते हैं... मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूंगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के भुगतान के लिए पैसे नहीं थे, सीजेआई ने कहा चंद्रचूड़ ने कहा. उन्होंने कहा, वे (वह एचसी) बिल्कुल खराब स्थिति में थे। लॉकडाउन था और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बिना अदालत चलाना असंभव था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लाइसेंस उन्हें स्थानांतरित कर दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के दीक्षांत समारोह में अपने हालिया संबोधन में, सीजेआई ने कहा था कि महामारी के दौरान, भारत भर की अदालतों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से 43 मिलियन सुनवाई की। उन्होंने कहा कि इन आभासी सुनवाई से विशेष रूप से महिला वकीलों को मदद मिली, क्योंकि अन्यथा उन्हें घरेलू काम और देखभाल की लिंग संबंधी मांगों के कारण अदालत में शारीरिक रूप से पेश होने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पहले के अवसर पर, सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया था कि 23 मार्च, 2020 और 31 अक्टूबर, 2022 के बीच, सुप्रीम कोर्ट ने अकेले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 3.37 लाख मामलों की सुनवाई की। वर्चुअल सुनवाई को मौलिक अधिकारों का हिस्सा घोषित करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर जोर दिया था कि तकनीक सिर्फ महामारी के लिए नहीं है और उच्च न्यायालयों को वकीलों की भौतिक उपस्थिति पर जोर नहीं देना चाहिए। इसने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष से वकीलों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विभिन्न राज्यों की बार काउंसिल से एक रिपोर्ट मांगने को भी कहा था। अपने ई–पहल उपायों में, सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूब पर संविधान पीठ की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की और राष्ट्रीय महत्व की ऐसी सुनवाई के लाइव ट्रांसक्रिप्शन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण तकनीक का इस्तेमाल किया। विशेष रूप से, केंद्र सरकार ने अपने बजट में घोषणा की है कि ई–कोर्ट परियोजना के लिए 7,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसका उपयोग सभी जिला अदालतों में बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए भी किया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजधानी के संवेदनशील इलाकों में 6,630 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के प्रयासों के तहत राष्ट्रीय राजधानी के संवेदनशील इलाकों में रणनीतिक रूप से कुल 6,630 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ दिसंबर 2012 में चलती बस में 23 वर्षीय महिला के साथ हुए दुखद सामूहिक बलात्कार के बाद 2012 में शुरू की गई एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी।

कोर्ट को बताया गया कि इन कैमरों की निगरानी 50 मास्टर कंट्रोल रूम के जरिए की जा रही है. सुनवाई के दौरान इन सीसीटीवी कैमरों को सपोर्ट करने वाले खंभों पर पैनिक बटन लगाने के संबंध में एक अतिरिक्त प्रस्ताव पर चर्चा की गई. संकट में फंसी महिलाओं की सहायता करने के उद्देश्य से यह सुझाव अधिवक्ता मीरा भाटिया द्वारा सामने रखा गया था, जिन्हें इस मामले में अदालत की सहायता के लिए न्याय मित्र के रूप में नियुक्त किया गया था। इस सुझाव के जवाब में, दिल्ली पुलिस ने प्रस्ताव पर विचार करने की इच्छा व्यक्त की और इसकी व्यवहार्यता का मूल्यांकन करने के लिए कुछ समय का अनुरोध किया। इसके बाद अदालत ने पुलिस को कैमरे के बुनियादी ढांचे में पैनिक बटन को शामिल करने के विचार का आकलन करने के लिए चार सप्ताह की अवधि दी।

सम्पादकीय

## सौर ऊर्जा बनेगा वरदान

उत्तराखंड में जहां एक तरफ बिजली की दरों में बढ़ोतरी से उपभोक्ता परेशान है तो वहीं उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने राज्य में सौर ऊर्जा से संबंधित दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसमें अगले 5 वर्ष के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने वालों को अब उत्पादित बिजली पर 4.64 रुपये प्रति यूनिट की दर से कमाई होगी। पहले यह दरें 4.49 रुपये प्रति यूनिट थीं। न केवल सौर ऊर्जा से प्राप्त होने वाली बिजली की तरह बढ़ाई गई है बल्कि विद्युत विभाग को भी हर वर्ष कम से कम 5% ऊर्जा सौर ऊर्जा या फिर अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से खरीदनी होगी। इससे सौर ऊर्जा लगाने वालों को जहां आमदनी होगी वही वह अपने नियमित बिल में भी रियायत पा सकेंगे। उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं धरातल पर लाई गई है जिसमें आम व्यक्ति को ऊर्जा उत्पादन से जोड़ने की कोशिश की गई है। घरों में बेकार पड़ी जमीनों को सौर ऊर्जा के लिए तैयार करने की योजनाएं आम जनता पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है इसके लिए विद्युत विभाग भी बिजली खरीदने के लिए बाध्य होगा। उत्तराखंड की आबादी बढ़ने के साथ–साथ यहां औद्योगिक इकाइयों का भी आगमन हो रहा है जिस कारण न केवल ऊर्जा की मांग बढ़ रही है बल्कि इसकी आपूर्ति करना उत्तराखंड ऊर्जा निगम के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। औद्योगिक इकाइयों के लिए भी यह निर्धारित कर दिया गया है कि यदि वह ग्रीन ऊर्जा से अपने उद्योग चलाना चाहता है तो उसे राज्य से बिजली नहीं खरीदनी होगी। ग्रीन एनर्जी रेगुलेशन के तहत ऐसे उद्योगपतियों को लाभ मिल सकेगा। उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को लेकर अभी अधिक जागरूकता नहीं है लेकिन सुखद पहलू यह है कि कई दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण सौर ऊर्जा की ओर आकर्षित हो रहे हैं और अपनी बेकार पड़ी जमीनों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रयोग कर रहे हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बिंदु काफी उत्साहित करने वाला है जिसमें जमीन कहीं पर भी होने के बावजूद उपभोक्ता अपने घर के बिजली के बिल में भी इस ऊर्जा को एडजस्ट कर सकता है। यानी कि प्लांट कहीं पर भी हो उसका लाभ उपभोक्ता अपने निजी आवास पर भी ले सकेगा। इस लाभ को ना केवल व्यक्तिगत बल्कि सामूहिक तौर पर भी ऊर्जा प्लांट लगा कर लिया जा सकता है। इस पूरी कार्य योजना के तहत सबसे बड़ी जिम्मेदारी सौर ऊर्जा विभाग की यह बनती है कि वह राज्य सरकार की इस योजना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें तथा विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों में सौर ऊर्जा के छोटे माध्यम या बड़े प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। जब तक सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं का धरातल स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार नहीं होगा तब तक योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना संभव नहीं है। उत्तराखंड के लोगों के पास काफी जमीनें हैं और इनमें कई जमीनें तो ऐसी है जो खेती योग्य नहीं है और बेकार पड़े रहने के कारण आजीविका के लिए भी उपयुक्त नहीं है। सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर ऐसी जमीनों को आर्थिक तौर पर उपजाऊबनाया जा सकता है जो ना केवल राज्य में बिजली की कमी को पूरा करने में सहायक होंगी बल्कि खुद सौर ऊर्जा प्लांट लगाने वाले व्यक्ति को भी सीधे लाभान्वित करेगी।

# इंडिया होना क्या ?

**सोचे 'इंडिया' में मणिपुर के दो समुदाय उसका क्या अर्थ निकालते हुए होंगे? नुंहू, गुरूग्राम में मुसलमान क्या सोचता हुआ होगा तो हिंदू क्या? नरेंद्र मोदी क्या सोचते हुए हैतो राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल क्या सोचते हुए है? वे उद्योगपति, कारोबारी, पेशेवरक्या सोचते हुए है जो साल–दर–साल हजारों–लाखों की संख्या में इंडिया छोड़ विदेश जा रहे है? ईमानदारी से दिल पर हाथ रख कर सोचे, मणिपुर में हिंदू मैतई हो या कुकी ईसाई इनके'भारत' अर्थ में आज क्या है? एक असुरक्षित–अराजक देश। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में (कश्मीर घाटी, मेवात, बंगाल, पुरानी दिल्ली)रह रहे हिंदुओं का इंडिया और हिंदू बहुल इलाकों में मुस्लिम बस्तियों के जीवन में इंडिया की नब्ज टटोलेंगे तो समझ नहीं आएगा की राष्ट्रवाद धडक कैसा रहा है।**

**हरिशंकर व्यास**

सचमुच क्या है भारत उर्फ इंडिया? वह सारतत्ववह मूल, वे वैल्यूज क्या है जो 'इंडिया' सुनते दिमाग में झकृंत होते है? इस स्वतंत्रता दिवस पर 'इंडिया' अर्थअंहम है। याद करें हालिया संसद सत्र में 'इंडिया''भारत', भारतमाता पर क्या कुछ कहा और बोला गया! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया का नया उच्चारण, नई व्याख्या दी, शब्द के टुकड़े किए। इसलिए क्योंकि विपक्ष 'इंडिया' के अक्षर पर जुमले बना'इंडिया' को हाईजेक किए हुए है। इसकी प्रतिक्रिया में अब लग रहा है किअपनी इंडिया केंद्रीत जुमलेबाजी छोड़ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा जुबां पर'भारत' ले आए है। सोचे इंडिया बनाम भारत के प्रोपेगेंडा, नैरेटिव के इंडिया अर्थ के कितने अनर्थ होते हुए है। एक तरफ भारत नाम से सीमाबद्ध हम 140 करोड लोग तो वही दूसरी तरफ उसके नेताओं में भारत या इंडिया को अलग–अलग, नए–नए अर्थदेने और अपने को इंडिया की आत्मा के सच्चे प्रतिनिधिबतलानेका संग्राम बनाए हुए!

क्या है इंडिया की आत्मा? और उस आत्मा के प्रतिनिधी, पोषक, रक्षक क्या नरेंद्र मोदी है या राहुल गांधी? 'इंडिया' क्या महज एक शब्द है जो उसे तोडमरोड कर कोई देशभक्त या देशभंजक बनता है? जाहिर है हाल के वर्षों में इंडिया शब्द का उपयोग या दुरूपयोग जितना और जैसा हुआ है वैसा आजाद भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रवाद, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रसुरक्षा के हुंकारों से क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छप्पन इंची छाती है, हिंदू वोटों की भक्ति है और लोगों में असुरक्षा की भयाकुलता का क्रिएशन है तो दुनिया भले 'इंडिया' को पारंपरिक अर्थ में लेती है लेकिन हम 140 करोड़ लोग 'इंडिया'के अर्थ और भाव में अब न केवल भिन्नताए–मतभेद लिए है बल्कि इंडिया नाम पर तमाम तरह की उग्रताए भी।

तभी 'इंडिया'और उसके अर्थ अब वे नहीं है जो 15 अगस्त 1947 से पहले या बाद में था। अपनी जगह तथ्य और सत्य है कि इंडिया का एक वैश्विक कालजयी अर्थ है।

इंडिया मतलब सांप संपेरों का, अंधविश्वासों का देश। इंडिया मतलब दुनिया की प्राचीन सभ्यता, विशाल और बड़ी आबादी वाला कानिर्धनतम देश। आजादी के वक्त इंडिया की आबादी कोई 30 करोड थी। अब 140 करोड है तथा हमनेचीन को पछाड़ दिया है तो स्वभाविक जो सर्वाधिक आबादी का भी देश मतलब इंडिया। जबकि 140 करोड की इस आबादी को लेकर सरकार के मंत्री भी संसद में यह सत्य बताते होते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 60 करोड गरीब लोगों का पेट भर रहा है। हालांकि रियिलिटी में आज का इंडिया फ्री के राशन–पानी–खैरात के सहारे जीने वाले100 करोड लोगों के लिए हुए है।

तो देश में भले 'इंडिया' मतलब दुनिया की तीसरी बड़ी होती इकॉनोमी हो लेकिन वैश्विक परसेप्शन वही है जो 1947 से पहले था। दुनिया की सर्वाधिक निर्धनतम आबादी वाला देश। इंडिया मतलब गरीबी, बदहाली, अव्यवस्था और समस्याओं का देश।

इस अर्थ को देश में या तो शाईनिंग इंडिया के वक्त पूरी तरह नकारा गया था या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा अमृत काल ने नकारा हुआ है। इसलिए तय माने कि हाल में जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेइंडिया को 21 वीं सदी का पर्याय बताया वैसे ही 15 अगस्त 2023 को लाल किले के भाषण में भी भारत का अर्थ सबको पछाडने् वाला बतलाते हुए होंगे।

एक लबोलुआब यहभी कि राष्ट्रवाद के भभकों में, उसकी उग्रताओं में इंडिया का अर्थ वैसे ही बदला है जैसे मर्यादापुरूष रामजी का बदला है या साधनारत भक्त हनुमानजी का बदला है। सत्ता ने राष्ट्रवाद को रबर की तरह खींच–खींच इंडिया, न्यू इंडिया, भारत या मां भारती जैसे शब्दों से अर्थ का वह अनर्थबनाया है जिसके कारण अब15 अगस्त 1947 के बाद का कुछ भी नहीं है। तब आजाद भारत का गांधी, सावरकर से लेकर सुभाषचंद्र बोस, जवाहर लाल नेहरू या श्यामाप्रसाद मुकर्जी या डा आबेंडकर ने इंडिया का जो भाव– अर्थ बनाया, जो कल्पनाएं की या सपने देखें वह सब अब नदारत है। हां, विचार की किसी भी धारा का वह इंडिया अब नहीं है जिसके आजादी के बाद संविधान सभा के प्रतिनिधियों ने अर्थ बनाए थे या विचारा और बहस की थी। बहस की उस इमारत के ही सदनों में पिछले सप्ताह राज्यसभा में जगदीप धनकड तथा लोकसभा में ओम बिडलाकी अध्यक्षता में भारत के सासंदों ने क्या किया? इंडिया के साथ कैसा अनर्थ था?

कल्पना कर तुलना करें सदन के आसन पर बैठे तब के डा राजेंद्र प्रसाद और पीजी मावंलकर बनाम वर्तमान के जगदीप धनकड़ व ओम बिडला के चेहरों पर या प्रधानमंत्री नेहरू व सरदार पटेल बनाम नरेंद्र मोदी,अमित शाह के चेहरों और इनसे फिर टपकते इंडिया अर्थपर!

निश्चित ही 15 अगस्त 1947 बनाम 15 अगस्त 2023 में समय का बड़ा फर्क है। लेकिन इससे बड़ी और गंभीर रियलिटी इंडिया के मूल, उसकी वैल्यूज का फर्क है। बुद्धी का फर्क है। 1947 की दरिद्रतम दशा के बावजूद तब इंडिया, इंडिया के लोग, उसका नेतृत्व बुद्धी, विचार और इरादे लिए हुए था। वह संस्कारी था। तब इंडिया नैतिकता, शुचिता और संस्कार लिए हुए था। राजनीति गरिमा, मूल्य और विचार आधारित थी। न खरीदफरोख्त की मंडी थी और न वैसी तू–तू, मैं–मैं थी जैसी इन दिनों है। वह सब 2023 के मौजूदा इंडिया में छीजा और खत्म है। सन् 2023 का इंडिया नैतिकताविहीन है।नैतिक मूल्यों, भौतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक प्राप्तियों में वह या तो खोखला है या दिखावे, ढकोसलों में वक्त काटता हुआ है।

सोचे 'इंडिया' में मणिपुर के दो समुदाय उसका क्या अर्थ निकालते हुए होंगे? नुंहू, गुरूग्राम में मुसलमान क्या सोचता हुआ होगा तो हिंदू क्या?

नरेंद्र मोदी क्या सोचते हुए हैतो राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल क्या सोचते हुए है? वे उद्योगपति, कारोबारी, पेशेवरक्या सोचते हुए है जो साल–दर–साल हजारों–लाखों की संख्या में इंडिया छोड़ विदेश जा रहे है?

ईमानदारी से दिल पर हाथ रख कर सोचे, मणिपुर में हिंदू मैतई हो या कुकी ईसाई इनके'भारत' अर्थ में आज क्या है? एक असुरक्षित–अराजक देश। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में (कश्मीर घाटी, मेवात, बंगाल, पुरानी दिल्ली)रह रहे हिंदुओं का इंडिया और हिंदू बहुल इलाकों में मुस्लिम बस्तियों के जीवन में इंडिया की नब्ज टटोलेंगे तो समझ नहीं आएगा की राष्ट्रवाद धडक कैसा रहा है।

ऐसा संकट पाकिस्तान में नहीं है। चीन या जापान आदि किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक देश में नहीं है।

हर देश अपने नाम के साथ सभ्यतागत संस्कारों की वैल्यजूकी पहचान का व्यवहार लिए मिलेगा।अमेरिका, ब्रिटेन में कितनी ही तरह के नस्लीय झगड़े, धार्मिक अंहकार हो लेकिन 'अमेरिका'और उसके मान व अर्थ में पक्ष–विपक्ष, राजनीति व समाज सभी में सम्मान–विरासत–धरोहक की चिंता और आचरण मिलेगा। क्या कल्पना भी संभव है जो ब्रिटेन की संसद में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विरोधी लेबर नेता आपस में ब्रिटेन के नाम को लेकर या ब्रिटेन के पिछले प्रधानमंत्रियों, पिछली सरकारों को ले कर वैसी गालीगलौज और तेंवर दिखाए जो हालिया संसद में नरेंद्र मोदी के मुंह से सुनने को मिली या राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर जो कहा।

सो मौजूदा वक्त इंडिया उर्फ भारत के अर्थों का गडबडझाला है। दुनिया इंडिया को अब नरेंद्र मोदी के नाम से भी जानती है। इससे देश में कईलोग सोचते है कि इंडिया मतलब विश्व गुरू। ये बूझ नहीं सकते है कि वैश्विक जमात में इंडिया और नरेंद्र मोदी के इंडिया के कितनी तरह के

# मुस्लिम ब्रदरहुड पर मुस्लिम देशों का कहर!

**श्रुति व्यास**

दस साल पहले मिस्त्र में बड़ा बदलाव हुआ। था। लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए मिस्त्र के पहले राष्ट्रपति और मुस्लिम ब्रदरहुड के नेतामोहम्मद मोरसी को सेना ने हटा दिया। उनके समर्थक काहिरा के रबा स्क्वायर पर विरोध के लिए इकठ्ठा हुए तो मिस्त्र के सुरक्षा बलों ने 14 अगस्त 2013 को ब्रदरहुड के कम से कम 900 सदस्यों को मार डाला।उस घटना को हुए दस साल हो गए है लेकिन तब से मुस्लिम ब्रदरहुडसंगठन दर–बदर नरसंहार में जिंदा बचे कई लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। कई देश छोडक़र चले गए। सन् 2020 में ब्रदरहुड के तत्कालीन नेता महमूद एज़्ज़त को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद इस संगठन में लीडरशीप का विवाद चला। इस साल मार्च में ब्रदरहुड ने 78 साल के सलाह अब्दुल हक को कार्यवाहक प्रमुख बनाया है लेकिन संगठन अपने अस्तित्व और पहचान में मरा पड़ा है।

एक वक्त इस्लामी दुनिया मेंमुस्लिम ब्रदरहुड तेजी से फैलता आंदोलन था। कट्टर इस्लामवादी और तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन भी मुस्लिम ब्रदरहुड के हिमायती थे।ध्यान रहे सन् 2011 में विरोध प्रदर्शनों से हटे हुस्नी मुबारक के बाद ब्रदरहुड ने ही मिस्त्र में इस्लामी परचम के झंडे गाढ़े थे। इस आंदोलन को अर्दोआन का समर्थन इतना जबरदस्त था कि उन्होंने सुरक्षा बलों की सैनिक क्रांति से बने राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल सीसी की जम कर आलोचना की। उन्हें तानाशाह तक कहा। उन्होंने मिस्त्र के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मोरसी के समर्थन में रैलियां कीं, मुस्लिम ब्रदरहुड के नेताओं का हर तरह के संसाधन और सुविधाएं मुहैया करवाईं और अपने देश में शरण दी।

सचमुच पूरे अरब क्षेत्र में, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्त्र ने इस इस्लामिक समूह को अपने लिए खतरा, चुनौती माना था वहीं अर्दोआन ने मिस्त्र में 2011 और 2012 में हुए चुनावों में मुस्लिम ब्रदरहुड की जीत के सहारे सऊदी अरब की जगह स्वयं को सुन्नी इस्लामिक देशों का नेता बनने का सपना संजोया। लेकिन यह रणनीति मिस्त्र में सीसी के सत्ता पर काबिज होने और इसके दो साल बाद सीरिया में असद के समर्थन में रूस द्वारा किए गए हस्तक्षेप के



बाद धरी रह गई।

अब हालात यह है कि मौजूदा वक्त को'नए दौर' की संज्ञा देते हुए अर्दोआन अब सऊदी अरब, मिस्त्र और यूएई से हाथ मिलाए हुए है। मुस्लिम ब्रदरहुड की गतिविधियों से दूरी बनाते लगते है। तुर्की ने ब्रदरहुड के सदस्यों या उससे जुड़े व्यक्तियों को वहां रहने की अनुमति के नवीनीकरण से भी इंकार किया है। ब्रदरहुड के सदस्योंको वहां से चले जाने के लिए कहा। ऐसी खबरें भी है कि उसके कुछ नेताओं को गिरफ्तार किया है। और मिस्त्र के राष्ट्रपति द्वारा जिन अन्य लोगों को मिस्त्र को सौंपे जाने की मांग की जा रही है, उन्हें किसी तीसरे देश में भेजने पर विचार है।

मुस्लिम ब्रदरहुड का पुराना इतिहास है। संगठन 1928 में ब्रिटिश साम्राज्यवाद से मुकाबला करने और शरिया के ज़रिये समाज के इस्लामीकरण के मकसद से बना था। यह अरब क्षेत्र का सबसे प्रभावी इस्लामिक संगठन बना। उसे दबाने के कई प्रयासों के बाद भी वह अरब क्षेत्र में प्रभावी बना रहा। उसने कई शांतिपूर्ण राजनैतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। साथ ही उसके कुछ नेता, पश्चिमी संस्कृति और जीवन जीने के आधुनिक तरीके के हिंसक विरोधी के रूप में भी उभरे। ब्रदरहुड ने मिस्त्र में अपना राष्ट्रपति बनवाने में सफलता पाई तो उसी समय ट्यूनीशिया में वह एक एलायंस से सत्ता में आया। पर उसके अच्छे दिन लम्बे नहीं चले। मोरसी को एक विद्रोह के बाद पद छोडऩा पड़ा।

**मुस्लिम ब्रदरहुड का पुराना इतिहास है। संगठन 1928 में ब्रिटिश साम्राज्यवाद से मुकाबला करने और शरिया के ज़रिये समाज के इस्लामीकरण के मकसद से बना था। यह अरब क्षेत्र का सबसे प्रभावी इस्लामिक संगठन बना। उसे दबाने के कई प्रयासों के बाद भी वह अरब क्षेत्र में प्रभावी बना रहा। उसने कई शांतिपूर्ण राजनैतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। साथ ही उसके कुछ नेता, पश्चिमी संस्कृति और जीवन जीने के आधुनिक तरीके के हिंसक विरोधी के रूप में भी उभरे। ब्रदरहुड ने मिस्त्र में अपना राष्ट्रपति बनवाने में सफलता पाई तो उसी समय ट्यूनीशिया में वह एक एलायंस से सत्ता में आया। पर उसके अच्छे दिन लम्बे नहीं चले। मोरसी को एक विद्रोह के बाद पद छोडऩा पड़ा।**

और राष्ट्रपति सीसी ने बहुत क्रूरता से ब्रदरहुड के 900 समर्थकों को मरवा दिया।ह्यूमन राइट्स वाच के अनुसार यह हत्याकांड तियानमेन चौक हत्याकांड की तरह का था। ब्रदरहुड के हजारों सदस्यों को जेल में डाला गया। कई लोग तुर्की, क़तर और इंग्लॅण्ड भाग गए।और हैरानी की बात कि इतने बड़े पैमाने पर दमन की रियिलिटी के बावजूद दुनिया में किसी ने, अमेरिका व पश्तिमी देशों ने मिस्त्र में मानवाधिकारों के रक्षा के लिए कुछ नहीं कहा या किया है।

और अब अर्दोआन ने मिस्त्र के सीसी से हाथ मिला लिया है। मुस्लिम ब्रदरहुड पर सरकार का दमन जारी है।उसमें अंदरूनी झगड़े भी हैं। सोमवार को नरसंहार की बरसी पर कुछ ख़ास नहीं हुआ क्योंकि ब्रदरहुड के समर्थकों को डर था कि किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन को जबरदस्ती तितर–बितर कर दिया जायेगा।

## सेहत पर भारी पड़ सकती है चाय की दीवानगी, शरीर में हो जाती है इस चीज की कमी! नींद पर पड़ता है असर

अगर आप भी चाय के दीवाने हैं, दिनभर में कई–कई कप चाय पी जाते हैं तो संभल जाएं. यह सेहत के लिए गंभीर रूप से खतरनाक हो सकता है. कुछ अध्ययन में बताया गया है कि अगर लिमिट में चाय पी जाए तो वह फायदेमंद हो सकती है लेकिन अगर ज्यादा चाय पी रहे हैं तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं. ज्यादा चाय पीने से चिंता, नींद की समस्या और सिरदर्द जैसे समस्याएं हो सकती है. रिसर्च में पाया गया है कि चाय में कुछ ऐसे यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर से कुछ पोषक तत्वों के अवशोषित कर सकते हैं. इसमें से सबसे प्रमुख आयरन है. आइए जानते हैं ज्यादा चाय पीने से क्यों सावधान रहना चाहिए...

शरीर से आयरन सोख सकती है चाय

शोध में पाया गया है कि चाय में टैनिन नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो कुछ चीजों में आयरन से बाइंड हो जाता है. यह पाचन तंत्र से आयरन अवशोषित कर उसे प्रभावित कर सकता है. जब शरीर में आयजन की कमी हो जाती है, तब एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है. इसकी वजह से थकान और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं. इसलिए जिन लोगों में पहले से ही आयरन की कमी है, उन्हें चाय कम पीनी चाहिए.

नींद को प्रभावित कर सकती है चाय

चाय में कैफीन पाया जाता है, जिसकी ज्यादा मात्रा शरीर में पहुंचने से नींद की समस्या हो सकती है. शोध से पाया गया है कि कैफीन मेलाटोनिन उत्पादन पर ब्रेक लगा सकता है. इससे नींद खराब हो सकती है. मेलाटोनिन हामीन मस्तिष्क को संकेत देता है कि अब सोने का समय हो गया है. जब नींद नहीं पूरी होती, तब मानसिक और शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं.

दिल में जलन की समस्या

चाय में मौजूद कैफीन शरीर में पहुंचने पर हार्ट बर्न जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है. शोध के मुताबिक, कैफीन की वजह से पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ सकता है. इससे एसिड रिफलक्स और हार्ट बर्न की परेशानी हो सकती है. शोध में यह भी पाया गया है, जिन लोगों में पहले से ही ये दोनों समस्याएं हैं, ज्यादा कैफीन के सेवन से उनमें और भी समस्याएं हो सकती हैं.

प्रेग्नेंसी में ज्यादा चाय खतरनाक

अगर कोई महिला प्रेग्नेंट है तो उसे ज्यादा चाय पीने से परहेज करना चाहिए. इसकी वजह से गर्भपात ही नहीं जन्म के समय बच्चे को वजन में कमी की समस्या हो सकती है. गर्भावस्था में कैफीन से क्या नुकसान हो सकते हैं, इसका अभी तक स्पष्ट डेटा नहीं है. हालांकि, यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह कितना सुरक्षित है. हालांकि, ज्यादातर रिसर्च में पाया गया है कि हर दिन 200–300 मिलीग्राम से कम ही कैफिन का सेवन करना चाहिए.

## हेडफोन या ईयरफोन, जानिए दोनों के बीच का अंतर...समझ जाएंगे आपके लिए कौन सा है ज्यादा बेहतर

गैजेट फ्रेंडली इस जनरेशन में हर कोई लेटेस्ट गैजेट्स खरीदना चाहता है, चाहे लेटेस्ट फोन हो, ईयरफोन हो या हेडफोन हो आजकल अधिकतर लोग लेटेस्ट गैजेट्स का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कानों में लंबे समय तक ईयरफोन या हेडफोन लगाने से आपको कई नुकसान भी पहुंचा सकता है. ऐसे में अगर आपको ईयरफोन या हेडफोन का इस्तेमाल करना है तो इसमें से कौन सा बेहतर है और किससे आपके कानों को कम नुकसान पहुंचता है, आइए हम आपको बताते हैं.



ईयरफोन और हेडफोन में अंतर

सबसे पहले आपको बताते हैं कि ईयरफोन और हेडफोन में अंतर क्या होता है? ईयरफोन कान के अंदर पहने जाते हैं, यह वायरलेस हो सकते हैं या बाहर वायर होते हैं और आजकल तो ईयरपॉड्स का भी खूब चलन है, जिसे लोग कानों के अंदर पहनते हैं. वहीं, हेडफोन सिर के ऊपर से लगाए जाते हैं और यह पूरे कान को कवर करते हैं, लेकिन अंदर तक नहीं जाते हैं.

ईयरफोन बनाम हेडफोन क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

यूं तो ईयरफोन और हेडफोन दोनों ही कानों को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर लंबे समय तक इन्हें पहनकर रखा जाए तो इससे नॉइस इंड्यूस्ड हियरिंग लॉस की समस्या भी हो सकती है. लेकिन एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि ईयरफोन को ईयर केनाल के अंदर डाला जाता है, ऐसे में वह कान में मौजूद वैक्स को गहराई में ढकेल सकता है जिससे कानों में ब्लॉकेज हो सकती है. दूसरा यह सीधे हमारे कानों के पर्दों को प्रभावित करता है, ऐसे में इसकी वॉल्यूम बढ़ाने से कान को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है. इतना ही नहीं ईयरफोन को पहनने से कान पूरी तरह से बंद हो जाते हैं जिससे नमी के कारण संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है.

ईयरफोन या हेडफोन में से क्या पहने

ईयरफोन या हेडफोन में से हमें क्या पहनना चाहिए इसे लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि कुछ समय के लिए ईयरफोन की जगह हेडफोन का इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि यह कानों के अंदर तक नहीं जाता है, जिससे नमी या नॉइस इंड्यूस्ड हियरिंग की समस्या नहीं होती है. हालांकि, हेडफोन का यूज करते समय इसकी वॉल्यूम अधिकतम 60 प्रतिशत तक ही होनी चाहिए. अगर आपके फोन या लैपटॉप में नॉइस कैंसिलेशन का ऑप्शन है, तो इसे भी आपको इस्तेमाल करना चाहिए.

## जी–20 के समय घरों में बंद रहेंगे लोग!

ऐसा लग रहा है कि सितंबर में जी–20 की बैठक के समय आधी से ज्यादा दिल्ली घरों में बंद रहेगी। कर्फ्यू जैसे हालात हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली का कुछ हिस्सा लगभग पूरी तरह से बंद हो सकता है। लोगों की आवाजाही को बहुत हद तक सीमित कर दिया जाएगा। बेहद जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी और उन सेवाओं से जुड़े लोगों को भी पास जारी किए जाएंगे। यानी जिन लोगों के लिए पास जारी होगा उनके अलावा दूसरे लोगों का कुछ निश्चित इलाकों में जाना वर्जित होगा। गौरतलब है कि प्रगति मैदान में जी–20 का सम्मेलन नौ और दस सितंबर को होना है। इसमें हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित दुनिया के 20 सबसे अमीर देशों के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नई दिल्ली आ रहे हैं। इन 20 के अलावा भी कुछ देशों को अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन प्रगति मैदान के नए बने कन्वेंशन सेंटर में होगा। सारे आमंत्रित अतिथि इसके आसपास का पांच सितारा होटलों में रूकेंगे। लुटियंस की दिल्ली में स्थित इम्पीरियल होटल, मैरिडियन, ललित, सांग्रीला के अलावा आईटीसी मौर्य में भी मेहमान रूकेंगे। बताया जा रहा है कि आठ सितंबर से मध्य दिल्ली का पूरा इलाका और दक्षिण दिल्ली के कुछ इलाकों में आवाजाही सीमित कर दी जाएगी। इन इलाकों में बाजार या तो पूरी तरह से बंद रहेंगे या दुकानदारों के लिए पास जारी होंगे। कनॉट प्लेस, बंगाली मार्केट, खान मार्केट आदि के दुकानदारों के लिए पास जारी होंगे। इन इलाकों में सुरक्षा की बेहद कड़ी व्यवस्था की जाएगी।

# आपदा के समय लोगों तक राहत पहुंचाना पहली प्राथमिकता : सांसद

## गढवाल सांसद ने चमोली में दिशा की बैठक ली ,योजनाओं को गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाने पर दिया जोर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : गढवाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने गुरूवार को जनपद चमोली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केंद्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी सामंजस्य बनाकर गुणवत्ता के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। सांसद ने कहा कि बरसात के कारण जनपद में जगह-जगह भारी नुकसान हुआ है। आपदा के समय लोगों तक राहत पहुंचाना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के कारण अवरूद्व सड़कों पर अतिरिक्त मशीनें लगाते हुए शीघ्र आवाजाही सुचारू की जाए। विद्युत के खराब पोल एवं झूलती तारों को बदला जाए। क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को ठीक किया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में क्षति का आंकलन किया जाए।

सांसद ने केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास, पीएमजीएसवाई सड़क, जल जीवन मिशन, दीन दयाल ग्राम ज्योति, पीएम फसल बीमा, स्वच्छ भारत मिशन, सर्व शिक्षा, सामाजिक पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा की।

जिले में केन्द्र पोषित योजनाओं की अच्छी प्रगति और आजीविका संवर्धन गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर जनपद चमोली को स्कॉच अवार्ड मिलने पर उन्होंने प्रशासन की टीम को बधाई दी। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जाए। सड़क कटिंग मलबे का डम्पिंग जोन में ही निस्तारण करें। सड़कों पर पानी निकासी के लिए स्कवर, नालियां अवश्य बनायी जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि के अनुरूप आवासों का निर्माण कार्य किए जाए। जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा करते हुए सांसद ने द्वितीय फेस के कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ नियमित रूप से सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए। बैठक में समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझाव पर भी तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने वन, सिंचाई एवं राजस्व विभाग को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण करते हुए नदी नालों में प्रोटेक्शन वर्क हेतु आपदा न्यूनीकरण में प्रस्ताव देने की बात कही। उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों बेहतर तालमेल के साथ आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सांसद को जिले में संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

बताया कि इस वर्ष अगस्त माह तक 466822 मानव दिवस सृजित कर लिए गए है। दीन दयाल अंत्योदय योजना के तहत गठित 4624 समूहों में से सभी का बैंक लिंकेज के साथ ही 3421 समूहों को रिवाल्विंग फंड भी दिया गया है। पीएम आवास ग्रामीण के तहत विगत वर्ष में 1378 में से 1371 आवास पूर्ण हो गए है और इस वर्ष 1804 आवास निर्माण का लक्ष्य है। जबकि पीएम आवास शहरी में 1491 में से 1159 आवास पूर्ण हो गए है। पीएमजीएवाई के तहत 31 सड़कों में से 29 सड़कों का स्टेज-1 तथा 41 सड़कों में से 31 सड़कों का स्टेज-2 का कार्य पूर्ण हो गया है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 96.80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिए गए है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा रमेश मैखुरी, गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, नंदप्रयाग नगर पंचायत अध्यक्ष हिमानी वैष्णव, पीपलकोटी नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश बंडवाल, बद्रीनाथ विधायक प्रतिनिधि रवीन्द्र नेगी सहित डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, अपर परियोजना निदेशक केके पंत, सीएमओ डॉ. राजीव शर्मा, सीईओ कुलदीप गैरोला तथा सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्राओं को किया मासिक धर्म के प्रति जागरूक

टिहरी : माउंट वैली डेवलपमेंट एसो. की हृदय परियोजना के तहत सिरोना फाउंडेशन के सहयोग से भिलंगना के बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल की तीन सौ छात्राओं को मासिक धर्म प्रति जागरूकता करते हुये मासिक धर्म कप वितरित किये। माउंट वैली डेवलपमेंट एसो. की ओर से पैड रहित परिसर अभियान की शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक धर्म से संबधित वर्जनाओं और बाधाओं को समाप्त करना है। डॉ. जूही गर्ग ने छात्राओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया और मासिक संवेदना से जुड़े मिथकों को दूर करने के बारे में बताया। माउंट वैली की प्रतिनिधि मीना कैंतुरा और नवप्रभात ने कहा कि अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थान में सेनेटरी पैड से अपशिष्ट कम करना, मासिक धर्म स्वच्छता विकल्पों को बढ़ावा देने के साथ स्वस्थ पर्यावरण के अनुकूल माहौल बनाने तथा छात्रों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# यात्रा में अब तक 5802 यात्रियों को दी गई ऑक्सीजन

रुद्रप्रयाग : स्वास्थ्य विभाग द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की लगातार जांच की जा रही है। पूरी यात्रा में अब तक कुल 5802 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा दी जा चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में यात्रियों को आकस्मिक सेवाओं का लाभ दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ धाम के दर्शन करने के लिए आ रहे यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग बेहतर सुविधाएं दे रहा है। स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है, जिसके लिए यात्रा मार्ग से केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अब तक ओपीडी एवं आकस्मिक सुविधाओं सहित 1,70,901 तथा केवल ओपीडी के माध्यम से 1,51,028 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है, जिसमें 1,17,475 पुरुष तथा 33,553 महिलाएं शामिल हैं। बताया कि अभी तक कुल 5802 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर कहा कि एलटी शिक्षकों की वरिष्ठता के साथ छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में राजकीय विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को पूर्व की भांति यथावत रखने की मांग की। पूर्व में उच्चीकृत इंटर कॉलेजों में कला संकाय खोलने की मांग की गई। जनपद में त्रुटिपूर्ण कोटिकरण सुधार के लिए जिला कार्यकारिणी निरंतर उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर प्रयासरत है। इसके अलावा विद्यालयों को एक ही एप दिया जाए, जिसमें सभी गतिविधियां संचालित हों।

## शिक्षा:निजी कालेज को डीएलएड–इंटीग्रेटेड बीएड की मंजूरी दिलाए सरकार: अग्रवाल

देहरादून। एसोसिएशन ऑफ सेल्फ फाइनेंसड इंस्टीट्यूटस ने सरकार से निजी कालेज में चार साल के बीएड के इंटीग्रेटेड को मान्यता दिलाने और दो वर्षीय डीएलएड कोर्स शरू करने की अनुमति के प्रयास करने की मांग की। ऐसोसिएशन का कहना है कि यदि इस विषय पर गंभीरता ने विचार न किया गया तो राज्य के युवाओं को शिक्षक बनने की पात्रता हासिल करने के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन करना पड़ेगा।गुरूवार को न्यू कैंट रोड स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस में अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक शिक्षक के लिए डीएलड प्रशिक्षित को ही पात्र माना है। 11 अगस्त को दिए फैसले में कोर्ट ने एनसीटीई के वर्ष 2018 की उस अधिसूचना को भी निरस्त कर दिया है, जिसके तहत बीएड को छूट दी गई थी। इस फैसले से उत्तराखंड पर असर पड़ना तय है। दरअसल, राज्य के 13 जिलों में चल रहे डायट में केवल 650 सीट हैं। जबकि पदों की संख्या ज्यादा है। पांच साल पहले निजी कालेज ने डीएलएड कोर्स शुरू करने के लिए आवेदन किया था। तब राज्य के अफसरों ने विरोध के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो पाया। यही नहीं जिन कालेज को एनसीटीई से अनुमति मिल गई थी, उन्हें भी अपने कोर्स बंद करने पड़े। इसी प्रकार अधिकारी चार साल के इंट्रीग्रेटेड बीएड के कोर्स के आवेदनों को भी लटकाए हैं। जबकि दूसरे राज्यों में निजी कालेजों में दोनों ही कोर्स चल रहे हैं।

## पुरोला में अनूठी परम्परा के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

उत्तरकाशी : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पुरोला विकासखण्ड में अनूठी परम्परा के साथ तिरंगा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई।

गांव से हाथों में माटी लिए तिरंगा लहराकर विकासखण्ड मुख्यालय पहुंचे प्रधानों का बैंड बाजों से स्वागत कर माटी को तिलक किया गया।

पुरोला विकासखण्ड में गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत गांव की माटी विकासखण्ड में अनूठी व आकर्षक परम्परा से पहुंचाई गयी ग्राम प्रधानों ने बन्दे मातरम, मेरा देश मेरी माटी व मेरा देश महान के नारे लगाते हुए हाथों में गांव की माटी के कलश को तिरंगा लहराते हुए अपने अपने गांव से पुरोला पहुंचे, जहां पर एकत्रित होकर विकासखण्ड कार्यालय के लिए नारों के साथ हाथों में तिरंगा लहराते बैंड बाजों की धुन में प्रवेश हुए। जहां बैंड बाजों की धुन के साथ गांव की माटी लिए प्रधानों का ब्लॉक प्रमुख रीता पंवार ने भव्य स्वागत कर माटी को तिलक किया तथा अपनी माटी के प्रति हमेशा बफादार रहने की अपील की।

खण्ड विकास अधिकारी आरपी जोशी ने कहा कि माटी हमारी पालनहार है हमारा अभिमान है जिसकी पूजा करना हमारी परम्पराओं में शामिल है, इसलिए हमने अलग-अलग दिनों में न बुलाकर सभी ग्राम पंचायतों से प्राधानगणों को एक ही दिन माटी के साथ आमंत्रित किया जिससे कार्यक्रम की महत्ता बनी रहे व सबके मन में एक उत्साह, अपने माटी के प्रति सम्मान तथा कर्तव्य की अनुभूति हो सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर से माटी का एकत्रीकरण विकासखण्ड में किया गया है जिसको अब राज्य स्तर पर भेजा जाएगा, जंहा से देश की राजधानी में अमृत वाटिका स्थापित करने के लिए यह पवित्र माटी पंहुचाई जाएगी जो विश्व पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नायाब प्रेरणादायक पहल होगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रीता पंवार, खण्ड विकास अधिकारी आरपी जोशी सहित धरमलाल दौरियाल, अरविंद पंवार, लोकेश नौटियाल, देवेंद्र नौडियाल, अंकित रावत, आनंद रतूड़ी, परमेश्वरी आदि प्रधान व पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# महिलाएं हर जिम्मेदारी बखूबी से निभा रहीं: गीता धामी




देहरादून। उत्तरांचल प्रेस क्लब के तीजोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गीता धामी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। वह घर के साथ ही बाहर के काम में बेहतर तालमेल बिठाकर बखूबी अपनी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस मौके पर वंदना अग्रवाल को तीज क्वीन के ताज से नवाजा। गुरुवार को तीजोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ गीता धामी ने दी प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर उन्होंने तीज पर्व की बधाई दी और कहा कि हमें अपने पर्व और त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए। इससे अपने वाली पीढ़ियां इनसे सदैव जुड़ी रहेंगी। ।इस मौके पर महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने के साथ ही तीज के गीत गाए। इस मौके पर तीज क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में में वंदना अग्रवाल ने प्रथम, माधुरी दानु ने द्वितीय और रश्मि कुकरेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें गीता धामी ने ताज पहनाने के साथ ही पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वंदना अग्रवाल ने ह्यगोरी है कलियां.., माधुरी दानु ने थलकी बाजार.., गीत पर डांस की प्रस्तुति दी। इला पंत के डांस ग्रुप नृत्यांगन की टीम ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। क्लब अध्यक्ष अजय राणा ने अतिथियों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों का आभार जताया।

## एमडीडीए ने किया गुजराड़ा में प्लाट खरीदने से लोगों सावधान

देहरादून। गुजराड़ा में अवैध तरीके से प्लाटिंग चल रही है। वहां पहाड़ खोदकर और पेड़ काटकर जमीनें समतल की जा रही हैं। इसके बाद खसरा नंबर बदलकर प्लाट बेचे जा रहे हैं। लेकिन एमडीडीए ने वहां प्लाट खरीदने से लोगों सावधान किया है। वहां बकायदा बोर्ड लगाकर जानकारी दी गई है ये प्लाटिंग बिना नक्शे पास किए हो रही है। एमडीडीए की ओर से वहां बोर्ड लगाकर ये भी कहा गया है कि खरीदने से पहले लोग प्लाटिंग की जानकारी एमडीडीए से ले लें। उसके बाद ही प्लाट खरीदें। यहां प्लाटिंग को लेकर जिला प्रशासन व वन विभाग की भी जांच चल रही है। तहसीलदार ने बिना अनुमति पहाड़ खोदने और जमीन का चिन्हीकरण किए बिना की गई प्लाटिंग पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को रिपोर्ट भी भेज दी है। वहीं वन विभाग पहाड बिना अनुमति पहाड़ खोदकर और पेड़ काटकर प्लाटिंग पर मुकदमा दर्ज कर चुका है। वहां रजिस्ट्री की जमीन की सुरक्षा के लिए पुश्ते व दीवारें बनाने के नाम पर वन, ग्राम पंचायत व राजस्व की कई हेक्टेयर जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे थे।

# युवक को नशीला पदार्थ पिलाकर लाखों का सामान ले गए जहरखुरानी

देहरादून। घर–घर जाकर मोबाइल खरीदने वाली कंपनी के कर्मचारी को जहरखुराना ने शिकार बनाया।

उससे एक मोबाइल खरीदने की डील के लिए प्रिंस चौक स्थित रेस्टोरेंट में बुलाया। वहां शीतल पर में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया है। इसके बाद पीड़ित होश को बैठा। उसके 6 मोबाइल फोन 1.10 लाख रुपए नगदी और क्रेडिट व डेबिट कार्ड लेकर आरोपी फरार हो गए। डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भी करीब 4.50 लाख रुपए निकाले गए। घटना बीते 11 अगस्त शाम 6:00 बजे की है। शहर कोतवाल राकेश गुसाईं ने बताया कि अमित कुमार सिंह निवासी हरबंस वाला शिमला बायपास रोड ने तहरीर दी। बताया कि उसने ओएलएक्स पर एक मोबाइल फोन बेचने के लिए पोस्ट डाली थी। पोस्ट पर एक व्यक्ति ने मोबाइल खरीदने के लिए प्रिंस चौक बुलाया।

पीड़ित प्रिंस चौक पहुंचे तो उन्हें पास के एक रेस्टोरेंट में बुलाया। वहां फोन करने वाला अपने एक साथी संग बैठा था। दोनों कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। युवक के पहुंचने पर उसके लिए भी एक फ्रूटी मंगवाई। जैसे थोड़ी कोल्ड ड्रिंक पी इतने में रमित अचेत हो गए। आरोपियों ने रमित को उन्हीं के स्कूटर पर बैठाया और कुछ दूर ले जाकर स्कूटर छोड़ा और पास में अमित को भी फेंक दिया। वह अमित का बैग और उसमें रखे मोबाइल, नगदी, डेबिट क्रेडिट कार्ड अपने साथ ले गए। रात दो बजे पीड़ित को दून अस्पताल भर्ती कराया गया। तब पुलिस को सूचना मिली। अगले दिन पीड़ित को होश आया तो उसने घटना के बारे में बताया। दो दिन बाद पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिस पर मुकदमा कायम नहीं किया गया। पीड़ित को कभी धारा चौकी तो कभी शहर कोतवाली के चक्कर काटने पड़े। इसके बाद लक्खीबाग चौकी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज प्रवीन पुंडीर ने बताया कि आरोपी जहरखुरानों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# हर स्कूल में हों परामर्श मनोवैज्ञानिक: प्रो0 डंगवाल

देहरादून। हर स्कूल में परामर्श मनोवैज्ञानिक होने चाहिए। ताकि युवाओं को छोटी मोटी मनोवैज्ञानिक समस्याओं पर समय से सलाह मिल जाए। इससे उनकी समस्या विकराल नहीं होगी और उनको मनोचिकित्सक की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ये बात दून विवि में फारगिवनेश सोसाइटी व मनोविज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय परामर्श दिवस पर आयोजित सेमिनार में कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कही। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के बीच मनोविज्ञान विषय को लेकर क्रेज बड़ा है। बहुत कम समय में विवि के मनोविज्ञान विभाग न केवल उत्तराखंड में बल्कि संपूर्ण भारत में मनोविज्ञान विषय पढ़ने के लिए विद्यार्थियों में लोकप्रिय होता जा रहा है। मनोविज्ञान विभाग में विदेशी छात्र भी प्रवेश ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुशल मनोवैज्ञानिक तैयार करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ सविता कर्नाटक ने कहा कि परामर्श के क्षेत्र में प्रशिक्षण का बहुत ही महत्व है इसी क्रम में मनोविज्ञान विभाग विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है।मुख्य वक्ता व जाने माने मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा ने मनोविज्ञान की नवीनतम और प्रभावी तकनीक एनएलपी के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक को मानव मस्तिष्क की भाषा के रूप में जाना जाता है, इसके माध्यम से मस्तिष्क की प्रोग्रामिंग को मनचाहे तरीके से प्रोग्राम करके मनचाहे परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज लगभग हर व्यक्ति मानसिक चुनौतियों का सामना कर रहा है और ऐसे समय में पारंपरिक तकनीकों के साथ नई और ज्यादा प्रभावी तकनीक के सामंजस्य से मनोविज्ञान के पेशेवर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

## उत्तरांचल उत्थान परिषद ने पौधरोपण कर मनाया घी संग्रांद

देहरादून। उत्तरांचल उत्थान परिषद ने राज्य के लोक पर्व 'घी संक्रांति' को पौधरोपण के साथ मनाया। हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हर्रावाला पुलिस चौकी के सामने व राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास लक्ष्मण सिद्ध मंदिर तक मार्ग के दोनों ओर वनभूमि में पीपल, बरगद, जामुन, आम, आंवला, कटहल आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। सभी पौधों की सुरक्षा के लिए वृक्ष सुरक्षा कवच भी लगाये गये। उत्थान परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष जयमल सिंह नेगी पौधरोपण के लिए तीन टीमें बनाई थी। एक टीम का नेतृत्व वह खुद, दूसरी टीम का नेतृत्व महामंत्री राम प्रकाश पैन्यूली व तीसरी टीम का नेतृत्व संगठन मंत्री शम्भू प्रसाद पुरोहित ने किया। पौधरोपण के बाद सभी ने लक्ष्मण सिद्ध मंदिर में 'बेल पत्री' पौधे का संयुक्त पूजन व मंत्रोच्चारण कर परिसर में रोपित किया। पूजा–अर्चना के पश्चात सभी ने घी से बने पकवान ग्रहण किए।

## भारत मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरूवार को राजभवन में भारत मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को मौसम विज्ञान केन्द्र के क्रियाकलापों और गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने निदेशक से वर्तमान में मानसून से संबंधित विभिन्न जानकारियों के बारे में चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा समय–समय पर मौसम परिवर्तन, चेतावनी और मौसम पूर्वानुमान जारी कर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान द्वारा जारी चेतावनी के आधार पर आम जनमानस पूर्व तैयारी व सतर्कता बरतते हैं।

# डीएम ने किया विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत मदर्सू मजरा जाखन के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज तहसील विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत मदर्सू मजरा जाखन के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों को प्रभावितों/ग्रामीणों हेतु मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्र से ग्रामीणों को पर शिफ्ट किए गए सुरक्षित स्थान पर बने रहने को कहा। जिला प्रशासन द्वारा फौरी राहत के तौर पर प्रभावितों/पीड़ितों को मुआवजे के रुप अहेतुक धनराशि के चैक वितरित किए गए। वहीं प्रभावित 28 परिवारों के लगभग 100 से 150 लोगों को पास के ही गांव पष्टा के जूनियर हाईस्कूल में राहत कैम्प लगाया गया है, कुछ प्रभावित लोग आस पास में रह रहे अपने रिश्तेदारों के यहां ठहरे हुए है। तहसील विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत मदर्सू मजरा जाखन में कल दोपहर से भूस्खलन की घटना घटित हुई जिसमें क्षेत्र के 10 मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त, 2 पक्के मकान आशिंक रूप से एवं 7 गौशाला क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राजस्व विभाग सहित रेखीय विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर राहत बचाव कार्य में लगे है। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर बने रहने तथा राजस्व विभाग एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों को राहत कैंप में मूलभूत सुविधाएं बनाए रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में तहसील प्रशासन के द्वारा मौक़े सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को क्षति का आंकलन करने, भू–वैज्ञानिकों को क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वे करने तथा प्रभावित परिवारों को विस्थापित करने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा प्रभावित परिवारों से वार्ता कर उनका हाल–चाल जाना तथा दर्द भी साझा किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखें।



# फुटबॉलः सेविला पर पेनल्टी शूट–आउट जीत के बाद मैन सिटी ने पहला यूईएफए सुपर कप जीता




एथेंस, इंग्लिश चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने सेविला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना पहला यूईएफए सुपर कप जीत लिया, जो चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच एक वार्षिक प्रतियोगिता है।

एथेंस के दक्षिणी तट पर 32,115 सीटों वाले कराइस्काकिस स्टेडियम में, मोरक्को के स्टार यूसुफ एन–नेसिरी ने 25वें मिनट में स्पेनिश टीम को बढ़त दिलाई, जबकि कोल पामर ने 63वें मिनट में रोड्री के पास से बराबरी का गोल किया।

रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट के दौरान मैनचेस्टर सिटी ने सेविला को 5–4 से हराकर 2023 की चौथी ट्रॉफी जीती।

सिटी के लिए पांच सफल पेनल्टी के बाद, ग्रीक पक्ष ओलंपियाकोस के घर पर खेले गए संघर्ष के बाद सेविला के नेमांजा गुडेलज की एक चूक ने पेप गार्डियोला की टीम के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार सुरक्षित कर दिया।

2016 की गर्मियों में मैनचेस्टर क्लब में कार्यभार संभालने के बाद से कैटलन ने अब तक 15 प्रमुख ट्रॉफियों की देखरेख की है। उल्लेखनीय संग्रह में पांच प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, चार लीग कप, एक चैंपियंस लीग, दो सामुदायिक शील्ड और अब यूईएफए सुपर कप शामिल हैं। .

शहर के पास 2023 के ख़त्म होने से पहले चांदी के बर्तनों की अपनी संख्या को और बढ़ाने का भी अवसर है। दिसंबर में, सिटी पहली बार फीफा क्लब विश्व कप में भाग लेने के लिए सऊदी अरब की यात्रा करेगी।

दोनों पक्ष सामान्य समय में गेम जीत सकते थे, एडरसन ने एन–नेसिरी और नाथन एके को दो बार गोल–बाउंड हेडर ब्लॉक होने से रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण बचाव किए।

## बास्केटबॉलः 2023 एफआईबीए विश्व कप के लिए 3 महिला रेफरी चुनी गईं

बीजिंग, इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (एफआईबीए) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर घोषणा की है कि आगामी 2023 बास्केटबॉल विश्व कप में तीन महिला रेफरी खेलों का संचालन करेंगी। एफआईबीए ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि एफआईबीए के प्रमुख कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, तीन महिला रेफरी, एमी बोनर, ब्लैंका बर्न्स और जेना रेनेउ को 25 अगस्त को शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए नामांकित किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार, सभी पांच क्षेत्रों के कुल 44 रेफरी को मनीला में एक प्री–प्रतियोगिता शिविर के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजा जाएगा ताकि उनकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।

लगभग 40 वर्ष की औसत आयु वाले रेफरी के पास आम तौर पर 11 वर्ष से अधिक का एफआईबीए अनुभव होता है।

2023 एफआईबीए विश्व कप फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया में आयोजित किया जाएगा, यह इतिहास में पहली बार होगा कि इस आयोजन की मेजबानी कई देशों द्वारा की जाएगी।

# 10 साल के अंतराल के बाद बांग्लादेश का दौरा करेगा न्यूज़ीलैंड

## विश्व कप से पहले एकदिवसीय मैच



ढाका, न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2013 के बाद से वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश का पहला दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के लंबे समय से प्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का अनावरण किया, जिसमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले तीन एकदिवसीय मैच शामिल हैं। सफेद गेंद की श्रृंखला दोनों टीमों के लिए उनकी तैयारियों में महत्वपूर्ण महत्व रखेगी।

दौरे के दूसरे चरण में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला शामिल है जो वर्तमान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा होगी। नवंबर–दिसंबर में विश्व कप के बाद लाल गेंद की भिड़ंत होगी। ब्लैक कैप्स का दौरा 21 सितंबर को शुरू होने वाला है, जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर–ए–बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले हैं। , ढाका के पास।

विश्व कप के समापन के बाद, टेस्ट श्रृंखला नवंबर के अंत में शुरू होने वाली है। दोनों टेस्ट के आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

टेस्ट 2023–25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा हैं और नए चक्र में बांग्लादेश के लिए पहली डब्ल्यूटीसी श्रृंखला हैं।

न्यूजीलैंड 14 सितंबर को बांग्लादेश पहुंचेगा और 21 सितंबर को पहला डे/नाइट वनडे खेलेगा, इसके बाद अगले दो मैच 23 और 26 सितंबर को होंगे। पहला टेस्ट 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा 6–10 दिसंबर तक होगा।

2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत 5 अक्टूबर को – टूर्नामेंट के शुरुआती – अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

बांग्लादेश अपनी विश्व कप यात्रा की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। न्यूजीलैंड इस समय संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए दुबई में है।

# पैरा पॉवरलिफ्टिंग वर्ल्ड्सः भारत के परमजीत का लक्ष्य दुबई में अपने ऐतिहासिक पदक का रंग बदलना



दुबई, भारत के शीर्ष पावरलिफ्टर परमजीत कुमार को यहां होने वाली आगामी पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में 2021 में जीते गए कांस्य पदक में सुधार करने का भरोसा है।

परमजीत को 2018 में सफलता का क्षण मिला जब उन्होंने एशियाई पैरा खेलों में 11 साल के इंतजार को कांस्य पदक के साथ समाप्त किया, जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था।

विश्व में अपनी सफलता से पहले, परमजीत ने 2018 में एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए ऐतिहासिक पदक के साथ कांस्य पदक जीता था। तीन साल बाद, उन्होंने त्बिलिसी 2021 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 49 किग्रा तक कांस्य पदक जीता।अब, दुबई 2023 विश्व पैरा पॉवरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप के लिए एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, उनके ऐतिहासिक विश्व पदक की यादें फिर से ताजा हो गई हैं।यह पदक भारत में पैरा–पावरलिफ्टिंग के लिए 'बहुत बड़ा' था, जो पैरालंपिक खेल में तेजी से बढ़ रहा है – विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यह पहला पदक है। परमजीत के लिए व्यक्तिगत रूप से, यह एक सपने के सच होने जैसा क्षण था।भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में परमजीत के हवाले से कहा, वह पदक भारत में कई उभरते पैरा–एथलीटों के लिए एक बड़ी प्रेरणा था।मैं पहले से ही एशियाई पैरा खेलों का पदक विजेता था, लेकिन घर पर लोगों ने मुझे विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक के बाद ही जाना। पदक ने मुझे पहचान, प्रसिद्धि और नकद पुरस्कार दिए। मैं कई नए लोगों के लिए एक आदर्श बन गया, जो मेरे पास आए थे और मुझसे मार्गदर्शन मांगा।परमजीत को जिस बात पर गर्व है वह यह है कि कई युवा उनके नक्शेकदम पर चले हैं और प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।उनमें से एक सीमा रानी हैं जो आगामी दुबई 2023 वर्ल्ड्स में महिलाओं के 55 किग्रा तक में प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्होंने कहा, मुझे खुशी और गर्व है कि मैं किसी को पैरा खेल के लिए प्रेरित कर सका और उसके करियर को आकार देने में भूमिका निभा सका।

## इंग्लैंड ने विमेंस वर्ल्ड कप के फाइनल में बनाई जगह, अब स्पेन से होगा मुकाबला

नई दिल्ली, विमेंस वर्ल्ड कप में बुधवार को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शानदार मैच देखने को मिला. मुकाबले में टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3–1 से जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली है. जिसके बाद अब फाइनल में टीम का मुकाबला स्पेन से होने वाला है.

मैच के पहले हाफ में इंग्लैंड पूरी तरह विपक्षी टीम पर भारी रही. इला टूने ने 36वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को 1–0 से बढ़त दिला दी. जिसके बाद विपक्षी टीम ने 63वें मिनट में गोल दाग कर बराबरी कर ली. और एक बार के लिए मैच में रोमांच ला दिया. हालांकि भारी पड़ती इंग्लैंड की टीम ने लगातार प्रयास जारी रखे. जिसके चलते लोरेन हेंप ने 71वें मिनट में गोल करके इंग्लैंड को एक बार फिर से 2–1 से बढ़त दिला दी. दमदार प्रदर्शन के चलते टीम ने मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले ही जीत हासिल कर ली. और फाइनल में जगह पक्की कर ली. इंग्लैंड और स्पेन पहली बार महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं. जहां रविवार को दोनों ही टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जायेगा.

# 132वां डूरंड कपः चेन्नईयिन एफसी का लक्ष्य दिल्ली एफसी के खिलाफ अजेय क्रम बढ़ाना



गुवाहाटी, दो बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन चेन्नईयिन एफसी डूरंड कप 2023 में अपनी जीत की गति जारी रखना चाहेगी, जब वे इंदिरा गांधी में अपने अंतिम ग्रुप ई मुकाबले में दिल्ली एफसी से भिड़ेंगे। शुक्रवार को यहां एथलेटिक स्टेडियम।

फारुख चौधरी, रहीम अली और राफेल क्रिवेलारो के गोल की मदद से ओवेन कॉयले की टीम ने त्रिभुवन आर्मी के खिलाफ 3–0 से जीत के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।मरीना मचान्स वर्तमान में छह अंकों के साथ ग्रुप तालिका में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, डिफेंडर आकाश सांगवान ने कहा कि उनका ध्यान नॉकआउट चरण से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच को जीतने पर है। हम अपने पिछले मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें ले रहे हैं क्योंकि हमने लगातार दो जीतें दर्ज कीं। इसके अलावा, हमने क्लीन शीट भी बरकरार रखी और पहले दो मैच पहले ही जीतकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। हालांकि, ऐसा नहीं है। आगामी मुकाबले के लिए हमें अपनी मानसिकता नहीं बदलनी चाहिए क्योंकि हम जीत के लिए जा रहे हैं, आकाश ने दिल्ली एफसी के खिलाफ मैच से पहले टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि आप जानते हैं कि मैंने दिल्ली एफसी के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैं पहले मिनर्वा का प्रतिनिधित्व करता था। इसलिए, मैं सभी पंजाबी लोगों के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। क्योंकि मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मैं यह साबित करना चाहता हूं कि हम बेहतर टीम हैं।

# फिल्मी दुनियां

## पुष्पा 2ः द रूल से अल्लू अर्जुन के फर्स्ट लुक को 7 मिलियन लाइक्स मिले



अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2ः द रूल के फर्स्ट लुक पोस्टर ने सोशल मीडिया की दुनिया में तहलका मचा दिया है और इंस्टाग्राम पर इसे सात मिलियन लाइक्स मिले हैं।निर्माताओं ने आइकन स्टार के जन्मदिन के विशेष अवसर पर फिल्म से पुष्पा राज के रूप में अल्लू अर्जुन का बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए, माइथ्री मूवी मेकर्स ने लिखाः आइकन स्टार अल्लूअर्जुन का राष्ट्रव्यापी नियम पुष्पा2ः द रूल फर्स्ट लुक ने एक सनसनीखेज रिकॉर्ड बनाया, इंस्टाग्राम पर 7 मिलियन लाइक्स पाने वाला पहला भारतीय फर्स्ट–लुक पोस्टर बन गया।

अपनी घोषणा से ही, पुष्पा 2ः द रूल ने दर्शकों के दिमाग पर एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है, जिसने इसकी सफलता की मिसालें कायम कीं, जब निर्माताओं ने एक बड़े अभियान के साथ पहला पोस्टर जारी किया, जो लगभग हर क्षेत्र में पहुंचा। देश के छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक।

पिछले महीने, अभिनेता ने दर्शकों की बहुप्रतीक्षित प्रत्याशा को तेज कर दिया था, और एक कार्यक्रम में पुष्पा 2 द रूल के एक संवाद का खुलासा किया था। स्टार से उनकी आगामी फिल्म की एक छोटी सी झलक देने के लिए कहा गया था, और अल्लू अर्जुन ने एक संवाद उद्धृत करते हुए कहाः ईदंथा जारिगेदी ओकाते रूल मीडा जारुगुतानादादी, पुष्पा गाडी रूल। पहली किस्त पुष्पाः द राइज में लाल चंदन की तस्करी सिंडिकेट में कुली पुष्प राज (अल्लू अर्जुन) के उदय को दर्शाया गया है, जो केवल आंध्र प्रदेश में चित्तूर की शेषचलम पहाड़ियों में उगता है। पुष्पा 2 द रूल सुकुमार द्वारा निर्देशित है और इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया गया है।

## धनुष की कैप्टन मिलर का टीज़र 3500 स्क्रीन्स पर हिट!

बहुमुखी अभिनेता धनुष, अरुण मथेश्वरन द्वारा निर्देशित एक पीरियड–एक्शन ड्रामा, अपनी आगामी नाटकीय रिलीज़, कैप्टन मिलर के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। टीज़र की हालिया रिलीज़ ने उच्च प्रत्याशा उत्पन्न की है, और अब टीम ने एक सरल प्रचार रणनीति का खुलासा किया है। फिल्म का टीज़र कल से तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल में 3500 स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। इस नवोन्मेषी दृष्टिकोण का लक्ष्य फिल्म की प्रत्याशित रिलीज से महीनों पहले दर्शकों को शामिल करना है। विशेष रूप से, कन्नड़ स्टार नायक शिव राजकुमार एक महत्वपूर्ण कैमियो भूमिका निभाते हैं। प्रियंका मोहन, संदीप किशन, निवेदिता सतीश और एडवर्ड सोनेनब्लिक ने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।

## काबुलीवाला से मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक जारी



मिथुन चक्रवर्ती को पिछली बार विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स में देखा गया था।आने वाले दिनों में मिथुन काबुलीवाला में नजर आएंगे। इसका निर्देशन सुमन घोष द्वारा किया जा रहा है।अब निर्माताओं ने काबुलीवाला से मिथुन का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह काफी दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।काबुलीवाला की कहानी एक अफगान व्यक्ति रहमत और कोलकाता की एक छोटी लड़की मिनी के बीच अनोखी दोस्ती के इर्द–गिर्द घूमती है।

जियो स्टूडियो ने ट्विटर पर मिथुन का पहला लुक साझा किया है। उन्होंने लिखा, काबुलीवाला के रूप में मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक जारी।काबुलीवाला में मिथुन रहमत की भूमिका अदा करते नजर आएंगे।इसमें अबीर चटर्जी और सोहिनी सरकार मिनी के माता–पिता के रूप में दिखाई देंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि छोटी लड़की का किरदार कौन निभाएगा।काबुलीवाला 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

यह फिल्म उस दौर को दर्शाती है जो हृदयस्पर्शी संबंधों के सार और प्यार के गहरे महत्व को समाहित करता है जो सीमाओं और संस्कृतियों दोनों को पार करते हुए कोई सीमा नहीं जानता है।

## अनन्या पांडे ने येलो साड़ी में बिखेरा हुस्न का जलवा



अनन्या पांडे इन दिनों आयुष्मान खुराना के साथ अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर काफी चर्चाओं में बनी हुई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती है। हालांकि लोग उनका हर एक बोल्ड और खूबसूरत अंदाज देखकर आहें भरने लगते हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार फैंस को दीवाना बना रहा है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका साड़ी में ट्रेडिशनल अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं, साथ ही उनके लुक पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। अनन्या पांडे ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में येलो कलर की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। अभिनेत्री अपने इस लुक में काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एमराल्ड ग्रीन डैंग्लर्स और मैचिंग की चूड़ी पहनकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपनी इस लुक को और भी खूबसूरती से निखारा है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनन्या पांडे कैमरे के सामने अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

## भूमि ने किया अपनी नई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का ऐलान, शहनाज भी दिखेंगी साथ



भूमि पेडनेकर को आखिरी बार फिल्म अफवाह में देखा गया था। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फेल हुई। बहरहाल, आने वाले दिनों में भूमि कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी और अब उनकी नई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का ऐलान हो गया है।भूमि ने फिल्म का पहला पोस्टर अपने प्रशंसकों के साथ साझा कर इसकी घोषणा की है।फिल्म में उनके साथ शहनाज गिल समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

भूमि ने जो पोस्टर साझा किया है, उसमें एक लडकी अपनी टी–शर्ट उतारते हुए कैमरे को अपनी पीठ दिखाते हुए पोज देती दिख रही है। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर वायरल हो रहा है।भूमि ने लिखा, युवाओं को आकर्षित करने के लिए ला रहे हैं थैंक यू फॉर कमिंग। इससे जुड़ीं जानकारियां पाने के लिए हमारे साथ जुड़े रहें।फिल्म का निर्देशन रिया कपूर के पति करण बूलानी कर रहे हैं। यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। भूमि ने अपने पोस्ट के जरिए यह भी साफ कर दिया है कि उनके साथ इस फिल्म में शहनाज और अनिल कपूर भी नजर आने वाले हैं, वहीं अभिनेता करण कुंद्रा भी लंबे समय बाद इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं।फिल्म में कॉमेडियन कुशा कपिला भी नजर आएंगी। उन्होंने भूमि के पोस्ट पर लिखा, चलो कलेश शुरू करते हैं। रिया और एकता कपूर ने मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाला है।

भूमि जल्द ही फिल्म भक्षक में नजर आएंगी। यह सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। इसमें भूमि एक पत्रकार की भूमिका में दिखेंगी। यह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को दिखाती है। फिल्म द लेडी किलर में भूमि की जोड़ी अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ बनी है।भूमि के खाते से एक और फिल्म जुड़ी है, जिसमें उन्हें अर्जुन और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह का साथ मिला है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338